।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

RNI No. MPHIN /2004 /13927

# अमृत दर्शन

नर्मदापुरम, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 । वर्ष-22 । अंक-2 । पृष्ठ : 8 । मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश को बड़े राज्यों की श्रेणी में मिला प्रथम पुरस्कार



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा 15 और 16 अक्टूबर को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दोनों योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और भविष्य की रणनीति निर्धारित करने पर विमर्श किया गया। इस अवसर पर एनएचए के सीईओ डॉ. सुनील कुमार बर्णवाल, मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन, एबीडीएम मिशन निदेशक किरण गोपाल वास्का, संयुक्त सचिव सुश्री ज्योति यादव, तथा विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### विद्युत कंपनियों के पेशनर्स को मिला दीवाली का तोहफा

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को दीवाली का तोहफा देते हुये पुनरीक्षित महंगाई राहत के आदेश जारी किए हैं। अब पेंशनर्स को 6वें वेतनमान में 6 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 2 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के 15 अक्टूबर के ज्ञाप अनुसार जारी किया गया है। मंहगाई भत्ता सितम्बर 2025 भुगतान अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। इस महंगाई राहत वृद्धि से प्रदेश के 58542 विद्युत पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारको को लाभ मिलेगा, तथा कंपनी पर प्रतिमाह लगभग 3 करोड़ 12 लाख रुपये का अतिरिक्त व्यय आयेगा।

### पाक सेना की छावनी में घुसी बमों से लदी गाड़ी, 7 सैनिक ढेर



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में शुक्रवार को हुए आत्मघाती हमले ने देश की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। मीर अली क्षेत्र में हुए इस आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के 7 जवान मारे गए हैं। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है और लंबे समय से आतंकी गतिविधियों का केंद्र रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाक से जुड़े आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी से सेना के कैंप को निशाना बनाया। हमलावर ने वाहन को कैंप में घुसाने की कोशिश की, लेकिन दीवार से टकराने पर जबरदस्त धमाका हो गया।

---

बिहार चुनाव : पहले फेज के नामांकन की तारीख खत्म

## क्या नीतीश अगले सीएम होंगे? शाह बोले- चुनाव बाद फैसला

**नई दिल्ली/पटना ■ एजेंसी**



बिहार चुनाव के पहले फेज के नामांकन की समय सीमा बुधवार शाम को खत्म हो गई, लेकिन महागठबंधन का सीट शेयरिंग का फॉर्मूला सामने नहीं आ सका। कांग्रेस ने अपने 48 कैंडिडेट्स की लिस्ट जरूर जारी की।

आरजेडी या वीआईपी की ऐसी कोई लिस्ट नहीं आई। सहनी ने शुक्रवार को चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने दरभंगा की गौराबौराम सीट से संतोष सहनी (भाई) को उम्मीदवार बनाया। सहनी ने कहा- मुझे राज्यसभा नहीं चाहिए, डिप्टी सीएम बनना है। उन्होंने कहा कि अब मैं अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करूंगा। सहनी ने कांग्रेस के राज्यसभा सीट का ऑफर ठुकरा दिया। राहुल गांधी लिखे लेटर में कहा था- वादे के मुताबिक सीटें नहीं मिलीं। पहले फेज में जिन 121 सीटों पर वोटिंग होनी है, उनमें से 6 पर कांग्रेस और आरजेडी दोनों ने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार से 3 दिन के बिहार दौरे पर पहुंचे। उन्होंने पटना में सीएम नीतीश से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच लगभग 15 मिनट तक चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। मुलाकात से पहले शाह ने कहा- वर्तमान में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है। उन पर न सिर्फ भाजपा बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। एनडीए की जीत के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला विधायक दल करेगा।

---

आज दमकेगा बाजार, होगी खरीदारी

## धनतेरस पर देश भर में 50 हजार करोड़ के सोने-चांदी के व्यापार की उम्मीद

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



दीवाली पर इस वर्ष दिल्ली सहित देश के बाजारों में बड़ी धूमधाम है। बाजारों में ग्राहकों खूब भीड़ देखी जा रही है। एक लंबे समय के बाद व्यापारियों और ग्राहकों के चेहरे पर खुशी की चमक लौटी है। शनिवार को धनतेरस का बड़ा त्योहार है। इस दिन सोना चांदी, बर्तन, रसोई उपकरण आदि को खरीदना शुभ माना जाता है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) तथा इसके ज्वेलरी विंग ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) द्वारा धनतेरस के अवसर पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के सोने चांदी के व्यापार का अनुमान लगाया गया है।

कैट एवं एआईजेजीएफ द्वारा देशभर के सर्राफा बाजारों में किए गए धनतेरस सर्वेक्षण के अनुसार इस वर्ष धनतेरस पर सोने-चांदी के सिक्कों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है, जबकि स्वर्ण आभूषणों की बिक्री में कुछ गिरावट का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल तथा एआईजेजीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा ने बताया कि सोना-चांदी के रिकॉर्ड ऊंचे दामों के चलते मध्यम और उच्च वर्ग के ग्राहक निवेश के रूप में अब ठोस सिक्कों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं, ज्वैलरी की मांग में कमी दर्ज की जा रही है।

---

सीएम आज राजगढ़ एवं सीहोर जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

## ब्यावरा में किसानों के खातों में 277 करोड़ की राहत राशि का होगा अंतरण

**बिलकिसगंज में 118 करोड़ से अधिक की राशि होगी अंतरित**



**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 अक्टूबर को राजगढ़ एवं सीहोर जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सीएम ब्यावरा में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को 277 करोड़ की राहत राशि ट्रांसफर करेंगे एवं 33 करोड़ की लागत की जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार 193 करोड़ के 41 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। सीएम सीहोर जिले के बिलकिसगंज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जिले के 02 लाख से अधिक किसानों को फसल क्षति की 118 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम किसानों के खाते में अंतरण करेंगे।

**सीएम निवास में किसान सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन में किसानों के बीच उनसे उनके हित की बात करेंगे। किसानों से संवाद में मुख्यमंत्री राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के विकास की दिशा में उठाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कदमों और नवाचारों पर भी प्रकाश डालेंगे।

---

नक्सलियों ने एके-47 समेत 153 घातक हथियार डाले

## छत्तीसगढ़ में 'लाल आतंक' की रीढ़ टूटी 208 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर ■ एजेंसी**

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में आज सुरक्षा बलों और सरकार को एक ऐतिहासिक सफलता मिली है। दंडकारण्य के घने जंगलों में सक्रिय 208 नक्सलियों ने एक साथ हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर दिया है। इसे राज्य में अब तक का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण माना जा रहा है। इन नक्सलियों ने एके-47 और INSAS राइफलों सहित कुल 153 घातक हथियारों का जखीरा भी जमा कराया है।

इस बड़े आत्मसमर्पण के साथ ही नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला अबूझमाड़ क्षेत्र लगभग पूरी तरह से नक्सल-मुक्त हो गया है और उत्तर बस्तर से 'लाल आतंक' का लगभग सफाया हो गया है।

छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार की नक्सल विरोधी नीतियां रंग ला रही हैं। पिछले दो दिनों में कुल 258 नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ से 197 और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से 61 नक्सली शामिल हैं। आज सरेंडर करने वालों में कई बड़े कमांडर भी शामिल हैं, जो जंगलों से निकलकर एक नई जिंदगी शुरू करना चाहते हैं। इस बड़ी कामयाबी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'ऐतिहासिक' करार दिया है। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर अब नक्सल-मुक्त हैं। शाह ने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करना है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी इस पर खुशी जताते हुए कहा कि यह राज्य में शांति और विकास के एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अब हर मोर्चे पर हार रहा है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने न केवल खुद को कानून के हवाले किया, बल्कि अपनी ताकत का प्रतीक रहे आधुनिक और पुराने हथियारों का एक बड़ा जखीरा भी सुरक्षा बलों को सौंप दिया है। जमा कराए गए कुल 153 हथियारों में 19 खूंखार एके-47 राइफलें, 23 INSAS राइफलें और 17 SLR जैसी घातक ऑटोमेटिक राइफलें शामिल हैं। इसके अलावा, एक INSAS LMG (लाइट मशीन गन), 11 BGL लॉन्चर और 4 कार्बाइन भी जमा कराए गए हैं।

**पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से 61 नक्सली भी शामिल हैं**



**अमित शाह बोले - नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता**



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर स्थित अबूझमाड़ के पहाड़ी जंगल इलाके को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया। यह बड़ी घोषणा उस वक्त की गई जब 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। शाह ने इन सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में भरोसा जताया है, यह एक साहसिक और सराहनीय कदम है।

---

लोकतंत्र को कलंकित कर रहे राहुल गांधी : डॉ. मोहन यादव

## देश को आगे बढ़ाने दिल्ली और पटना में एनडीए सरकार चाहिए



**पटना ■ एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बिहार के गया टाउन में पार्टी प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन में नामांकन दाखिल कराया एवं हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। सीएम यादव ने कहा कि जिस तरह से आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चल रही है, बिहार के विकास के लिए जरूरी है कि वह भी कदम से कदम मिलाकर उसी लाइन पर चले। देश के दुश्मनों से निपटने के लिए, बदलते दौर में भारत को दुनिया में आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली और पटना दोनों जगह एनडीए की सरकार चाहिए। आप सभी मेरे साथ हाथ उठाकर संकल्प लें कि इस चुनाव में जब तक हर वोट भाजपा और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में नहीं डल जाता, चैन से नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे।

**सम्राट अशोक ने कराया था दुनिया से एक अलग भारत का परिचय**-सीएम ने कहा कि मप्र और बिहार का नाता बहुत खास है। मेरी अपनी कुलदेवी बिहार में हैं। लगभग 2200 साल पहले सम्राट अशोक युवराज के रूप में मप्र के उज्जैन में पदस्थ रहे थे और वहां से लौटकर ही वे सम्राट बने। इसके बाद उन्होंने सारी दुनिया में भारत का परिचय एक अलग प्रकार से कराया। बिहार ने देश को उसका राष्ट्रीय चिह्न जिसे अशोक चिह्न कहते हैं, प्रदान किया। सनातन संस्कृति से संबंध रखने वाले हर व्यक्ति का सपना होता है कि वह किसी और तीर्थ के दर्शन के लिए जा पाए या न जा पाए, लेकिन एक बार अपने पितरों को नमन करने गया जी जरूर चला जाए।

---

## अंतर्मना उवाच

***समय सब कुछ बदल देता है.. जरूरत सिर्फ सब्र की है..!***

- ***जीवन कैसे जीयें*** -- *ये रामायण से सीखें।*
- ***जीवन कैसे ना जीयें*** -- *ये महाभारत से सीखें।*
- ***जीवन कैसे सँवारे*** -- *ये जैन दर्शन की गीता से सीखें (तत्वार्थ सूत्र)।*



***भारतीय परम्परा में संतान को कुल दीपक कहा जाता है क्योंकि वह कुल को प्रकाशित करता है।*** *लेकिन जब कोई कुल दीपक दीक्षा ले लेता है, तो वह कुल दीपक नहीं फिर वह* ***आकाश - दीप*** *बन जाता है। और* ***आकाश दीप एक का नहीं वह तो सबका अपना होता है क्योंकि वह सबको प्रकाशित करता है।*** *आकाश-दीप केवल एक समाज का नहीं, अपितु समूचे राष्ट्र और विश्व का दीप है। इसलिए* ***नई पीढ़ी को अच्छी शिक्षा के साथ, धार्मिक संस्कार एवं जीवन मूल्यों की शिक्षा का पाठ जरूर पढ़ायें।***

*यदि संस्कारों का पाठ नहीं पढ़ाया, तो हम उनसे भविष्य की कोई भी उम्मीद ना रखें। अन्यथा जो ये पीढ़ी करेगी, ना हम देख पायेंगे ना तुम सुन पाओगे। इसलिए* ***मैं कह रहा हूँ- कि इस नई पीढ़ी को सुसंस्कार देकर, सुसंस्कृत बनायें।*** *यदि संस्कार की जड़ें मजबूत रहेगी तो आधुनिकता की आँधी, नई पीढ़ी के इस बट वृक्ष को कभी धराशायी नहीं कर पायेगी। अन्यथा* ***हम साँप को दूध पिला रहे...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

---

## सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक पीएम मोदी ने कहा- अब कोई हमें रोक नहीं सकता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब आतंकवादी हमलों पर चुप नहीं रहता, बल्कि मुंहतोड़ जवाब देता है। उन्होंने कहा कि भारत अब 'रुकने के मूड में नहीं है' और दुनिया में चाहे कितनी भी रुकावटें क्यों न आएं, देश तेज रफ्तार से आगे बढ़ता रहेगा। प्रधानमंत्री ने यह बातें नई दिल्ली में आयोजित एनडीटीवी वर्ल्ड समिट को संबोधित करते हुए कहीं हैं।

**आतंक पर भारत का सख्त रुख**-पीएम मोदी ने इस दौरान कहा, भारत अब आतंकवादी हमलों पर चुप नहीं बैठता। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइकऔर ऑपरेशन सिंदूरके जरिए हम जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि देश अब पहले जैसा नहीं रहा, अब हमला होने पर तुरंत कार्रवाई होती है और दुनिया भारत की क्षमता को देख रही है।

**हम रुकने वाले नहीं हैं- पीएम मोदी**

मोदी ने इस दौरान जोर देकर कहा, भारत आज रुकने के मूड में भी नहीं है। हम न रुकेंगे, न थमेंगे। 140 करोड़ भारतीय पूरी ताकत से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले दुनिया को लगता था कि भारत अपनी समस्याओं में उलझकर आगे नहीं बढ़ पाएगा, लेकिन पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर डर और चुनौती को पीछे छोड़ दिया है।

---

### स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने भरी पहली सफल उड़ान, रक्षा मंत्री बोले- यह ऐतिहासिक पल

**नई दिल्ली।** भारत की आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति को आज एक नई बुलंदी मिली जब देश के उन्नत स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने आज सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान भरी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के नासिक स्थित एयरक्राफ्ट मैन्यूफैक्चरिंग डिविजन से इस लड़ाकू विमान ने उड़ान भरकर आसमान में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक पल के गवाह खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बने, जिन्होंने इस उपलब्धि को देश के लिए एक मील का पत्थर बताया। तेजस की यह पहली उड़ान भारत में अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की दिशा में एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। इस विशेष अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलसीए एमके1ए की तीसरी प्रोडक्शन लाइन का भी उद्घाटन किया, जिससे विमानों के उत्पादन में और तेजी आएगी।



---

## गुजरात कैबिनेट फेरबदल: भूपेंद्र सरकार में 19 नए चेहरे शामिल



**संघवी बने डिप्टी सीएम जडेजा की पत्नी की नई पारी**

**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

गुजरात सरकार ने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अपने मंत्रिपरिषद में 19 नए चेहरों को शामिल किया है। नवगठित मंत्रिमंडल में पिछली टीम के छह सदस्यों को बरकरार रखा, जिनमें हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, जबकि क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा जडेजा को भी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। इस फेरबदल के साथ मंत्रिपरिषद में अब मुख्यमंत्री सहित कुल सदस्यों की संख्या 17 से बढ़कर 26 हो गई है। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में अधिकतम 27 मंत्री हो सकते हैं।

**जातीय समीकरण का रखा गया ध्यान**- यह कैबिनेट पुनर्गठन 2027 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से दो साल पहले और स्थानीय निकाय चुनावों से कुछ महीने पहले किया गया है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सभी नए मंत्रियों और कैबिनेट मंत्री या स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कैबिनेट में जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा गया है। नए मंत्रिमंडल में 8 पिछड़ा वर्ग से 3 अनुसूचित जाति से, 4 अनुसूचित जनजाति से संबंध रखने वाले विधायकों को मंत्री बनाया गया है। वहीं सीएम भूपेंद्र पटेल समेत आठ मंत्री पटेल समाज से हैं।

**चार साल बाद सरकार में उपमुख्यमंत्री की वापसी**

पिछली कैबिनेट में गृह राज्य मंत्री रहे हर्ष सांघवी की पदोन्नति हुई है। उन्हें नए मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री बनाकर सरकार में दूसरे नंबर के पायदान पर पहुंचाया गया है। भूपेंद्र पटेल के पिछले चार वर्षों के कार्यकाल में यह पहली बार है कि राज्य में किसी उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति हुई है।

---

*कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश का देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन*

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश को किया सम्मानित

***भोपाल ■ प्रतिनिधि***



*राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज नईदिल्ली के विज्ञान भवन में आदि कर्मयोगी अभियान पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश को सम्मानित किया। प्रदेश के प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा ने मप्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार ग्रहण किया। उन्होंने जनजातीय समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों पर प्रस्तुति दी। मप्र को आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन में देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम पांच राज्यों में स्थान मिला है।*

*उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान जनजाति समुदायों के सामाजिक आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रारंभ किया गया। इसका उद्देश्य जनजाति क्षेत्र में ग्राम स्तर पर नेतृत्व क्षमता का विकास करना, योजनाओं का प्रभावी अमल सुनिश्चित करना और शासन को और ज्यादा जवाबदेह बनाना है। यह अभियान सेवा, संकल्प और समर्पण जैसे मूल्यों पर आधारित है जो जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रमुख सचिव जनजाति कार्य गुलशन बामरा ने मध्य प्रदेश में जनजातीय विकास की स्थिति की पर जानकारी देते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान में 1 लाख 41 हजार आदि सहयोगी काम कर रहे हैं।*

***बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान***

*जनजाति क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शाला छोड़ने वाले बच्चों पर निगरानी रखी जा रही है। वर्तमान में माता शबरी आवासीय बालिका शिक्षा कंपलेक्स, हॉस्टल, आदर्श आवासीय स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल, आश्रम स्कूल, खेल परिसर मिलाकर 2,913 संस्थाएं संचालित है जिनमें 2 लाख 30 हजार विद्यार्थियों के रहने की क्षमता है।*



भोपाल। अखिल भारतीय संत समिति शाखा मध्यप्रदेश अध्यक्ष महंत श्री अनिलानन्द जी ने श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी रामगिरी महाराज डंडा वाले बाबा को अखिल भारतीय संत समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष महंत श्री अनिलानन्द का शिवसेना परिवार आभार व्यक्त करते हैं और श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी रामगिरी महाराज को शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता मांगीलाल सैनी, संजय सैनी, श्रीपाल यादव, कुलदीप तिवारी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

### कॉन्ट्रेक्ट कैरैज परमिट की आड़ में बस संचालकों की मनमानी

# त्योहारी सीजन में यात्रियों से वसूला जा रहा कई गुना किराया

**भोपाल ■ निसं**

पांच दिवसीय दीप पर्व आते ही ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। आलम यह है कि कई ट्रेनों में नो रूम की स्थिति आ गई है। ऐसे में बस संचालकों की चांदी आ गई है। त्योहारी सीजन को देखते हुए कुछ बस संचालक निर्धारित किराए से ज्यादा राशि वसूल रहे हैं। भोपाल से विभिन्न शहरों के लिए यात्रियों द्वारा दिए गए किरायों में भारी अंतर देखा गया है। दरअसल, कॉन्ट्रेक्ट कैरैज परमिट की आड़ में बस संचालकों ने खासतौर पर पुणे, नासिक, मुंबई और बेंगलुरु से भोपाल आने का किराया पांच गुना तक कर दिया है। दरअसल, पुणे, मुंबई, बेंगलुरु आदि स्थानों से भोपाल आने-जाने वाली पंजाबमेल, झेलम, गोवा, मंगला एक्सप्रेस आदि में अगले कुछ दिनों का तो रिजर्व टिकट ही बुक नहीं हो पा रहा है। यात्रियों को मजबूरी में फ्लाइट और बसों का ही सहारा लेना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, आम दिनों में पुणे, नासिक, मुंबई और बेंगलुरु स्थानों से भोपाल का किराया 1200 से 1500 रुपए तक लगता है, जो बढ़कर 7500 रुपए तक पहुंच चुका है। हालांकि, परिवहन विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है और स्पष्ट किया है कि अब हर बस में किराए की जानकारी स्पष्ट रूप से डिस्प्ले करना अनिवार्य होगा।



#### कांटेक्ट कैरिज परमिट बना कमाई का जरिया

आमतौर पर परिवहन विभाग द्वारा बसों को इंटर स्टेट रूट परमिट दिया जाता है। लेकिन, इनकी संख्या सीमित होती है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा कांटेक्ट कैरिज परमिट देने का प्रावधान रखा गया है। यह परमिट एक सीजन के लिए 2 से 3 लाख रुपए तक में बस ऑपरेटर लेते हैं। इस परमिट का आशय यह होता है कि अनुबंध यात्री और बस ऑपरेटर के बीच हुए आपसी समझौते के तहत इन परमिटों पर चलने वाली बसों का होता है। इसलिए ऑपरेटर सीजन के हिसाब से सवारी से ऐसा किराया वसूलता है, जिससे वह परमिट का पैसा अदा कर सके। परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने कहा है कि बस संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी बस में किराया स्पष्ट रूप से चिपकाएं या डिजिटल डिस्प्ले करें। यदि कोई बस संचालक ऐसा नहीं करता है, तो औचक निरीक्षण के दौरान उस पर कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की ओवर चार्जिंग या मनमानी किराया वसूली की स्थिति में तुरंत परिवहन विभाग या नजदीकी आरटीओ में शिकायत करें। इधर, हवाई किराया भी अधिकतम किराए से तीन गुना अधिक तक पहुंच गया है। पुणे से भोपाल का हवाई किराया 15 अक्टूबर के लिए 20 हजार रुपए से ज्यादा हो गया है। आम दिनों में यह किराया 5500 रुपए के आसपास लगता है। भोपाल से पुणे के लिए चलाई जा रही फ्लाइट का किराया मांग के अनुसार वापसी का ही बढ़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपावली के चलते बिजली कर्मचारियों पर एस्मा

**भोपाल।** प्रदेश के बिजली कर्मचारी तीन माह तक खुद को सौंपे गए दायित्वों से इनकार नहीं कर सकेंगे। दीपावली त्योहार के मद्देनजर राज्य सरकार ने एस्मा लगाकर प्रदेश की सभी छह बिजली कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवाओं को अत्यावश्यक घोषित कर दिया है। इस आदेश के बाद कंपनियों के कर्मचारियों को अवकाश भी विशेष परिस्थितियों में ही मिल सकेगा। सरकार के फैसले के बाद गृह विभाग ने एस्मा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। गृह विभाग द्वारा इसको लेकर जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि ऊर्जा विभाग के अधीन काम करने वाली सभी छह विद्युत कंपनियां जैसे एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर, एमपी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, एमपी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर, एमपी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल, एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी जबलपुर और एमपी पावर जनरेशन कंपनी जबलपुर के अधिकारी और कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे। नोटिफिकेशन के अनुसार, आउटसोर्स सर्विस के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों के साथ दीपावली त्योहार के मद्देनजर सतर्कता रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। साथ ही नियमित कर्मचारियों के साथ संविदा कर्मचारियों को भी इसका पालन करना होगा।

### सितम्बर माह में भोपाल मंडल को 141.38 करोड़ की आय

**भोपाल।** मंडल द्वारा रेल सेवाओं की गुणवत्ता सुधार और राजस्व में वृद्धि की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग की टीम ने समन्वित प्रयासों से सितम्बर 2025 में 141.38 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। इस कुल राजस्व में प्रमुख योगदान यात्रियों से हुई आय का रहा, जिसमें लगभग 32.60 लाख यात्रियों से 81.83 करोड़ प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त माल परिवहन से 51.98 करोड़, अन्य कोचिंग सेवाओं से 4.64 करोड़ तथा विविध स्रोतों से 2.93 करोड़ की आय प्राप्त हुई, जो यह दर्शाता है कि मंडल ने यात्री सुविधाओं और माल ढुलाई दोनों ही क्षेत्रों में संतुलित रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है।

### भोपाल को रैबीज फ्री सिटी बनाने के कारगर प्रयास हों - संभागायुक्त

**भोपाल।** संभागायुक्त संजीव सिंह ने कहा कि भोपाल को रैबीज फ्री सिटी बनाने के लिए कारगर प्रयास शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा एन्टी रैबीज प्रोग्राम का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। संभागायुक्त सिंह ने यह निर्देश कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) डॉ. विनोद यादव, उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती किरण गुप्ता सहित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त सिंह ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में संचालित सुमन हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिला एवं शिशुओं की मृत्यु को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैर संचारी रोगों की जांच की भी समीक्षा की।

### पांच दिवसीय दीपावली पर्व का शुभारंभ

# दीपावली पर गुलजार हुए बाजार, धनतेरस पर आज होगी जमकर खरीदारी

**भोपाल ■ निसं**

पांच दिवसीय दीपावली पर्व का शुभारंभ भले ही कल धनतेरस से होना है, लेकिन इसके पहले ही बाजारों की सरगर्मी बढ़ गई है। गुलजार बाजार की रौनक के बीच खरीददारी के लिये जहां लोग पर्व से जुड़ी सामग्रियों की पूछ-परख करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि 20 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। शनिवार धनतेरस से इसकी शुरूआत हो जाएगी। इसके पहले ही बाजारों में धूम दिखने लगी है। व्यापारियों ने अपनी दुकानें सजा कर रखी है। पूजा से लेकर दूसरी सभी वस्तुओं के सामान दुकानों में उपलब्ध कराने में जुटे है। वाहनों की एजेंसियों में तो काफी दिनों से वाहनों की बुकिंग चल रही है। इस बार व्यापारियों को बाजार से काफी उम्मीद है। सराफा व्यापार भी उत्साहित है। जबकि सोने और चांदी के दाम आए दिन बढ़ रहे हैं। इसको देखते हुए धनतेरस पर जमकर सोना, चांदी की बिक्री का अनुमान लगाया जा रहा है। कपड़ा व इलेक्ट्रानिक्स दुकानों पर तो पिछले कई दिनों से भीड़ देखी जा रही है। बर्तन व्यवसायी भी तैयारी में नजर आ रहे हैं। पर्व के महत्व को देखते हुए धातु के सामानों पर इस बार विशेष जोर दिया जा रहा है।



#### घरेलू साज-सज्जा का बड़ा बाजार सजा

दिवाली पर घरेलू साज-सज्जा के लिए बाजार में तरह-तरह के आर्टीफिशियल फूल सजे हैं। विभिन्न रंगों में यह फूल असली को भी मात दे रहे हैं। इनमें गुलाब से लेकर विदेशी फूलों तक के गुच्छे हैं। इनकी कीमत 120 रुपये से लेकर 700 रुपये तक है। विदेशी फूल इस बार खूब बिक रहे हैं।

#### तरह-तरह के तोरण और झूमर भी

बाजार में रंगोली के डिजायन और सामग्री से लेकर दरवाजों पर लगने वाले तोरण भी बिक रहे हैं। नग, मोती और कुंदन तक के तोरण इस बार गुजरात से मंगाए गए हैं। इनकी कीमत 100 से लेकर हजार रुपये तक है। कपड़ों के तोरण और झूमर भी हैं। इसके अलावा तरह-तरह की खुशबू बिखेरने वाली विभिन्न आकार की मोमबत्तियां भी हैं।

#### दीपावली पर पूजन मूहुर्त

दिवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन लक्ष्मी पूजन का प्रदोष काल मुहूर्त शाम 07:08 से 08:18 बजे तक रहेगा और निशित काल मुहूर्त रात 11:41 से देर रात 12:31 बजे तक रहेगा। अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर 2025 की दोपहर 03:44 से 21 अक्टूबर 2025 की शाम 05:54 तक रहेगी।

**दिये भी आकर्षण का केंद्र:** रेहटी किनारे लगी दिये की दुकाने भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। दुकानदार फूल माला, कैलेंडर और दीप मालाओं के साथ नजर आ रहे हैं। इसमें खील, बताशे और पेठे की दुकानें भी हैं। हालांकि अभी बाजार में खरीददार बेहद कम हैं, लेकिन आगामी दो दिनों में इसके बढने की संभावना है।

**दिवाली 2025 कैलेंडर**

**धनतेरस**- 18 अक्टूबर 2025, शनिवार
**नरक चौदस**-19 अक्टूबर 2025, रविवार
**दीपावली** -20 अक्टूबर 2025, सोमवार
**गोवर्धन पूजा**- 22 अक्टूबर 2025, बुधवार
**भाईदूज** - 23 अक्टूबर 2025, गुरुवार

### सुरक्षित दीपावली मनाएं

# बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे या आसपास पटाखा दुकान न लगाएं

#### अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करने की सलाह



**भोपाल ■ निसं**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दीप पर्व पर विद्युत सुरक्षा एवं सावधानियां रखकर सुरक्षित दीपावली मनाएं। कंपनी ने सभी पटाका व्यवसायियों से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या उससे सटाकर दुकान न लगाएं क्योंकि इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और छोटी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। कंपनी ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे पटाखे व आतिशबाजी का प्रदर्शन बिजली लाइनों के नीचे व आसपास न करें।

कंपनी ने कहा है कि दीपावली पर्व पर प्रकाशीय साज-सज्जा के लिए उपभोक्ता अपने परिसर में विद्यमान बिजली कनेक्शन से स्वीकृत भार के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें। बिना स्वीकृति के अतिरिक्त भार की वृद्धि एवं सीधे तार डालकर अनधिकृत विद्युत उपयोग नहीं करें। बिजली चोरी अथवा बिना स्वीकृति के संयोजित भार में वृद्धि अवैधानिक है और इसके लिए बिजली अधिनियम 2003 में जुर्माने का प्रावधान है।

कंपनी ने मिठाई, मूर्तियां, साज-सज्जा, बर्तन व्यापारी, पटाखों की दुकाने एवं दीपावली पर्व से जुड़ी अन्य सामग्री के विक्रय के लिए लगाए जाने वाली अस्थाई दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि दीपावली पर्व पर अस्थाई दुकानों की स्थापना, बिजली ट्रांसफार्मरों एवं बिजली की लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही स्थापित करें ताकि विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है कि वैधानिक कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। कंपनी ने मैदानी अमले और सतर्कता विंग को सघन जांच अभियान चलाकर बिजली चोरी मामले पकड़ने तथा भार वृद्धि अथवा स्वीकृत प्रयोजन के स्थान पर अन्य किसी प्रयोजन के लिए विद्युत उपभोग पकड़े जाने पर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही करने कहा है।

### हैट्रिक बनाने वाला मध्यप्रदेश का सरकारी क्षेत्र का पहला स्कूल

# एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में भोपाल के मॉडल स्कूल को पहला स्थान मिला

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल के मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, टी.टी. नगर ने एजुकेशन वर्ल्ड संस्था की ओर से जारी सरकारी स्कूलों के रैंकिंग में वर्ष 2025-26 में पहला स्थान प्राप्त किया है। मॉडल स्कूल को यह सम्मान स्टूडियो क्लास, इन्फ्रास्ट्रक्चर और साइकोलॉजी और अन्य विशेषताओं के कारण मिला है। एजुकेशन वर्ल्ड शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए पोर्टल है, जो हर साल विश्व स्तरीय स्कूलों की रैंकिंग जारी करता है। इस रैंकिंग में मॉडल स्कूल ने पिछले परीक्षा परिणाम, सांस्कृतिक गतिविधियों, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की उपलब्धता उनका आउटपुट, मेंटल और इमोशनल वैलबीइंग सेवाओं, खेल, अकादमिक गतिविधियों एवं अन्य आधारों पर की गई है। इन सभी क्षेत्रों में पूरे भारत से विद्यालय चयनित किए जाते हैं एवं उनके आधार पर निर्धारित मानकों में से अंक दिए जाते हैं स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर मार्किंग की जाती है।




माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टी.टी. नगर ने लगातार 3 वर्ष शासकीय क्षेत्र के विद्यालयों की कैटेगरी में अपना स्थान बनाया है। यह स्कूल प्रदेश का एकमात्र स्कूल बन गया है, जिसने शिक्षा की गुणवत्ता के आधारपर अपना स्थान बनाया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केन्द्र सरकार के वित्तीय सलाहकार विनय प्रताप सिंह ने मॉडल स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा को गुरूवार को पुरस्कृत किया गया।

मॉडल स्कूल में स्टूडियो क्लास शुरू की गई। इससे अन्य स्कूल वर्चुअली जुड़कर मॉडल स्कूल में जो लैक्चर होते हैं, उनका वे लाभ उठा रहे हैं। स्कूल में बनाई गई साइकालॉजी लैब में बच्चों का समय-समय पर टेस्ट होता है, इससे पता चलता है कि बच्चा पढ़ाई के बोझ के कारण किसी प्रकार के तनाव में तो नहीं है। मॉडल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रेखा शर्मा ने बताया कि यह गौरव सभी सरकारी स्कूलों के लिये है।

### महापौर ने छठ पूजा के संबंध में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# नगर निगम करेगा शहर के 54 छठ पूजन घाटों पर बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं

**भोपाल ■ निसं**

महापौर श्रीमती मालती राय ने निगम अधिकारियों की बैठक आहूत कर छठ पूजा के अवसर पर शहर के 54 छठ पूजा घाटों, स्थलों पर निगम द्वारा की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्व बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त वरूण अवस्थी, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती, अधीक्षण यंत्रीद्वय आर.आर. जरोलिया व सुबोध जैन के अलावा भोजपुरी समाज के प्रतिनिधि अंजली सिंह, लक्ष्मण गिरी, संजय कुंवर प्रसाद, आर.एस.मौर्य, गंगासागर यादव, राजेश्वर सिंह के अलावा निगम के स्वास्थ्य, जलकार्य, विद्युत, झील संरक्षण प्रकोष्ठ सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



महापौर श्रीमती मालती राय ने शुक्रवार को आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में छठ पूजा की तैयारियों के संबंध में निगम अधिकारियों एवं भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की। बैठक में महापौर श्रीमती राय ने शहर के 54 स्थानों पर नगर निगम द्वारा छठ पूजा हेतु की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की साथ ही भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों से भी छठ पूजा के संबंध में चर्चा की।

### मध्य प्रदेश में मेडिकल, इंजीनियरिंग के बाद अब एक और चिकित्सा पद्धति का हिंदीकरण करने की तैयारी

# हिंदी में होगी यूनानी की पढ़ाई, किताबों को ट्रांसलेट करने की हो रही तैयारी

**भोपाल ■ निसं**

मध्य प्रदेश में मेडिकल, इंजीनियरिंग के बाद अब एक और चिकित्सा पद्धति का हिंदीकरण करने की तैयारी की जा रही है। मध्य प्रदेश के यूनानी कॉलेजों में अंग्रेजी और उर्दू में पढ़ाई जाने वाली किताबों को स्टूडेंट्स जल्द ही हिंदी में भी पढ़ सकेंगे। इसके लिए आयुष विभाग द्वारा तैयारी की जा रही है। राज्य सरकार के इस फैसले से यूनानी कॉलेज में पढने के इच्छुक स्टूडेंट्स को खासा फायदा होगा। यूनानी कॉलेज में पढने के लिए कक्षा 10 तक उर्दू की बाध्यता को पहले ही खत्म किया जा चुका है।

मध्य प्रदेश में 2 प्राइवेट कॉलेज सहित 3 यूनानी कॉलेज संचालित हो रहे हैं। राजधानी भोपाल में



हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी मेडिकल कॉलेज है। इसमें 200 बेड का सरकारी अस्तपाल भी है, जहां यूनानी पद्धति से ही मरीजों का इलाज किया जाता है। कॉलेज से स्नातक कर रहे अख्लाक अहमद बताते हैं कि मैंने पिछला एग्जाम अंग्रेजी में दिया था, वैसे कॉलेज में उर्दू और हिंदी का विकल्प भी मौजूद रहता है, लेकिन किताबें उर्दू और अंग्रेजी में ही हैं। परेशानी उन्हें आती है, जिनकी पढ़ाई हिंदी मीडियम से होती है। उनके साथी इकबाल हिंदी मीडियम के छात्र रहे हैं। उनके मुताबिक अंग्रेजी, उर्दू पढने में परेशानी नहीं हैं, लेकिन अंग्रेजी लिखने में हाथ जरा तंग है, इसलिए उन्होंने पेपर हिंदी में ही दिए हैं। अगर आने वाले समय में किताबें हिंदी में होंगी तो उन जैसे हिंदी मीडियम के छात्रों के लिए पढ़ाई थोड़ा आसान होगी।

#### हिंदी में अनुवाद की हो रही तैयारी

कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मेहमूदा बेगम कहती हैं कि कॉलेज में अभी ग्रेजुएशन के 75 स्टूडेंट्स और पोस्ट ग्रेजुएट के 22 स्टूडेंट्स हैं। भोपाल में यह इकलौता सरकारी कॉलेज है, बाकी 2 प्राइवेट कॉलेज देवास और बुरहानपुर में हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर यूनानी की किताबों का अनुवाद हिंदी में कराने की तैयारी की जा रही है। उम्मीद है जल्द ही हिंदी में भी यूनानी की पढ़ाई हो सकेगी। हालांकि, कॉलेज में हिंदी के अलावा अंग्रेजी और उर्दू में परीक्षा की आजादी है।

**उर्दू भाषा का एक सब्जेक्ट अनिवार्य:** प्रिंसिपल मेहमूदा बेगम कहती हैं कि कॉलेज में 11 सब्जेक्ट से ग्रेजुएशन और 3 सब्जेक्ट में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स उपलब्ध है। कॉलेज के सभी ग्रेजुएशन कोर्स में एक सब्जेक्ट उर्दू भाषा का अनिवार्य होता है। कई स्टूडेंट्स ऐसे भी होते हैं, जिन्होंने पहले कभी उर्दू नहीं पढ़ी होती, लेकिन वे यहां आकर यह भाषा भी सीखते हैं और अच्छे नंबर्स से पास भी होते हैं। यह सब्जेक्ट इसलिए पढ़ाया जाता है, क्योंकि हायर डिग्री के दौरान अधिकांश क्लासिकल लिट्रेचर उर्दू और पारसियन भाषा में ही उपलब्ध होती हैं। सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडिया मेडिसिन, नई दिल्ली द्वारा यदि इन क्लासिकल लिट्रेचर का भी अनुवाद कराया जाएगा तो यह अच्छा कदम होगा।

### 30 में खाद्य पदार्थों का 1 नमूना घटिया

# मिठाई से लेकर नमकीन तक में मिलावट

**भोपाल ■ निसं**

दीपावली त्योहार के दौरान खाने-पीने की चीजों को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। यहां मिठाई से लेकर नमकीन तक घटिया मिल रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा जुटाये गए नमूनों के परीक्षण परिणाम यही बता रहे हैं। जहां 30 नमूनों ने एक अमानक मिला है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों के मुताबिक इस साल अप्रैल से सितंबर तक राज्य भर में कुल 9,827 कानूनी सैपल और 12,214 निगरानी सैंपल जुटाए थे। जांच के लिए भेजे गए 5,262 कानूनी सैंपलों में से 173 सैपल ऐसे निकले जो अपनी पैकेजिंग पर लिखे दावों के मुताबिक गुणवत्ता और मात्रा में खरे नहीं उतरे। यानी हर 30 में से 1 सैपल घटिया या मिलावटी पाया गया। इन पर विभाग ने खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।



**6 माह में 36 लाख रुपए जुर्माना:** वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके वर्मा के अनुसार पिछले छह महीने में करीब 36 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और कई लाइसेंस रद्द किए गए है। उन्होंने कहा कि लैब जांच में मिलावट की पुष्टि होने के बाद संबंधित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालतों में मामला दर्ज किया जाता है।

**कई जगह से मावा और नमकीन के नमूने लिए:** खाद्य सुरक्षा प्रशासन, भोपाल की संयुक्त टीम ने जुमेराती स्थित महेंद्र मावा भण्डार से गुरुवार को मावा के नमूने लेने के साथ दो क्विटल मावा जब्त किया। टीम ने इतवारा स्थित सांवरिया स्वीट्स से भी मावा, मावा बर्फी, पनीर के नमूने लिए। कुंदन नमकीन से लोंग सेव, बेसन, तेल के नमूने लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। चलित खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशाला ने 10 नम्बर मार्केट, 6 नम्बर मार्केट से मावा, पनीर, बेसन लड्डू चांदी के वर्क, खाद्य रंग के नमूने लेकर जांच की। सभी नमूने मानक ही पाए गए निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, अरूणेश कुमार पटेल, भोजराज धाकड़, साधना सक्सेना, पूजा शाक्या व अन्य रहे। गौरतलब है कि दीपोत्सव के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### पटाखा बाजार सजा हरदुल जू बाबा मेला ग्राउंड में उबड़ खाबड़ रास्ते से गुजरना पड़ेगा ग्राहकों को

# पटाखा दुकानदारों से नगर पालिका ने की व्यवस्था के नाम पर हजारों रुपए खर्च करवाए फिर भी मुकम्मल व्यवस्था नहीं की गई

**सिवनी मालवा ■ निसं**

दीपावली पर्व के मद्देनज़र नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा हरदुल जू बाबा मेला ग्राउंड (बस स्टैंड के पास) के पास पटाखा बाजार का लगाने हेतु व्यवस्था की की गई है नगर पालिका प्रशासन ने यहां कुल 84 दुकानों का आवंटन किया है, जहां अब रंग-बिरंगे पटाखों की दुकानें सजकर ग्राहकों का इंतजार कर रही हैं।



पटाखा विक्रेताओं ने बताया कि ने बताया कि हमारे द्वारा प्रतिवर्ष की तरह पटाखे का लाइसेंस शासन के नियम अनुसार बनवाने के बाद भारी परेशानियों के बीच पटाखा दुकान लगाई गई है जिसमें हमें नगर पालिका में जगह आवंटन के लिए डेढ़ हजार रुपए एवं जिस टेस्ट की जमीन है उसे भी अलग से ढाई हजार रुपए की रसीद कटे गई है और लाइटिंग व्यवस्था के लिए ?1000 प्रति दुकान जमा करवाइए है इन सब परेशानियों से निकलने के बाद हम लोगों के द्वारा हरदोल जी बाबा मैदान पर फटाका दुकान लगाई गई है इस वर्ष हमारे क्षेत्र में सोयाबीन की पैदावार कम हुई है, जिससे व्यापार में कमी की संभावना है। इसके बावजूद दुकानदारों ने उम्मीद जताई है कि दीपावली के नजदीक आते ही बिक्री में तेजी आएगी।

नगर पालिका प्रशासन की ओर से बाजार में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, और सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। वहीं दुकानदारों ने नगर पालिका से मांगत है कि भट्ट का बाजार में जाने के लिए जो रास्ता है उसे पर बड़े-बड़े गिरते पत्थर डाले गए हैं जिससे लोगों को निकालने में अत्यधिक परेशानी हो रही है पटाखे बाजार में जाने वाले रास्ते पर मिट्टी या मोरम डाल कर उसे उसमें सुधार किया जाए । पुलिस प्रशासन द्वारा चकबंदी व्यवस्था रखी जाने की मांग भी दुकानदार की गई है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की स्थिति न बने।

सुरक्षा और अनुशासन के दृष्टिगत, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित दुकानों से ही पटाखे खरीदें और नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से त्योहार का आनंद लें।

### माना विद्युत सब स्टेशन में काम कर रहा था आउस सोर्स कर्मचारी

# सप्लाई चालू करने से लगा करंट मौके पर मौत

**बुधनी ■ निसं**

बुधनी के माना गांव में बिजली सब स्टेशन में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। सब स्टेंशन में बिजली पोल पर चढ़कर काम कर रहे आउस सोर्स कर्मचारी योगेश उईके (30) की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब वह काम कर रहा था तब बिजली सप्लाई बंद की गई थी। लेकिन वो काम पूरा कर उतरा भी नहीं था और किसी ने बिजली सप्लाई चालू कर दी। जिससे वह करंट की चपेट में आया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बिजली कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण योगेश की मौत हो गई। वह पांडाडो का निवासी था। हादसे के बाद साथी कर्मचारियों ने



उसे तत्काल अस्पताल पहुँचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुँचे तो उन्हें मौत की जानकारी मिली। जिस पर उन्होंने बिजली कंपनी के लोगों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते एक आदिवासी युवक की जान चली गई। वहीं मौके पर पहुंचे बिजली कंपनी के अधिकारी संजीव शर्मा ने परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जबलपुर में होटल के कमरे से मिला युवक का शव,दो दिन से लापता था

**जबलपुर।** नागपुर-रीवा हाईवे पर स्थित एक होटल के कमरे से शुक्रवार सुबह 39 वर्षीय युवक की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान चंद्रेश केवट निवासी छत्तरपुर गांव पनागर के रूप में हुई है। कमरे से सल्फास का पैकेट भी मिला है। युवक बुधवार रात से लापता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चंद्रेश बुधवार रात होटल पहुंचा था और अकेले ही एक कमरा बुक कराया था। इसके बाद से वह रूम में ही था। होटल के मैनेजर ने बताया कि गुरुवार पूरे दिन चंद्रेश के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। काम ज्यादा होने के कारण कोई उस ओर ध्यान भी नहीं दे पाया। शुक्रवार सुबह जब स्टाफ से दरवाजा खटखटवाने को कहा, तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पनागर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

### जबलपुर शहरी क्षेत्र से सटे जंगलों में तेंदुओं का मूवमेंट

**जबलपुर।** जबलपुर शहरी क्षेत्र के आसपास 20 से अधिक तेंदुओं का मूवमेंट है। यही कारण है कि लगातार तेंदुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ दिन पहले डुमना एयरपोर्ट से सटे गांव गधेरी में तेंदुए ने पालतू डॉग का शिकार किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर अब सामने आया है। वीडियो में तेंदुआ डॉग को मारते हुए दिख रहा है। काफी शोर करने और पत्थर फेंककर मारने के बाद भी तेंदुआ वहां से नहीं भागा। तेंदुए ने डॉग पर हमला किया। उसे गर्दन से पकड़ा और कुछ देर दबाए रखा। फिर डॉग को लेकर चला गया। स्ट्रीट डॉग पर हमले की घटनाएं तो सामने ही नहीं आ पा रही हैं। क्योंकि एक से दूसरे स्थान पर जाते हुए रहवासी इलाके से गुजरते हुए तेंदुए डॉग को उठा ले जाते हैं। वीडियो गांव के ही लोगों ने छिपकर बनाया है। वन अफसरों के मुताबिक डॉग तेंदुओं का प्रिय खाना हैं। डीएफओ ऋषि मिश्र ने बताया कि डुमना एयरपोर्ट के अलावा खमरिया और सेना का एरिया घने जंगल से घिरा है। यहां वन्यप्राणियों को प्राकृतिक रहवास और खाना मिलता है। वे कहते हैं वन्यप्राणी जब एक से दूसरे स्थान पर जाते हैं तो रास्ते में शिकार भी करते हैं। हालांकि अभी तक कभी भी जनहानि नहीं हुई है।

### देवरी में 10 लीटर जहरीली शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सागर।** सागर की देवरी पुलिस ने नेशनल हाईवे-44 पर दस लीटर जहरीली शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाने लाकर उससे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी करीब 7 माह पहले मोतीनगर थाना क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करते पकड़ाया था। मामले में जमानत पर बाहर आया था। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि शिवधाम मंदिर के आगे छोटू लोधी के बंद टपरा के पास फोर लाइन पर एक युवक शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी हाथ में लिया थैला लेकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### पटाखा दुकानों में लगी आग, भगदड़ मची

# धार में धमाकों के साथ तेजी से भड़कीं, 3 लोग झुलसे; 20 दुकानें और 5 मकान भी जले

**मनावर (धार) ■ निसं**

धार जिले के गंधवानी में एक साप्ताहिक बाजार में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। पटाखा दुकानों से शुरू हुई आग ने तेजी से 20 से ज्यादा दुकानों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वहां भगदड़ मच गई। आग से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना बिल्दा गांव के बाजार में शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे की है। स्थानीय लोगों और दमकलों की मदद से शाम 4.30 बजे आग पर काबू पाया जा सका।

**पटाखे की चिंगारी से बढ़ी आग:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक दुकान पर बच्चा पटाखे देख रहा था तभी चिंगारी दूसरे पटाखों पर गिरी। कुछ ही मिनटों में आग भड़ककर आसपास की कई दुकानों तक फैल गई। स्थानीय व्यापारी शब्बीर बोहरा ने बताया कि इस दौरान एक बाइक भी जल गई। आग से करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ। दुकानों के पास से लगे 5 मकान भी जले हैं।

**लोगों और दमकल कर्मियों ने बुझाई आग:** आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन स्थानीय लोगों और दमकल कर्मियों की तत्परता से जल्द काबू पा लिया गया। हाट बाजार की भीड़ और आसपास के रिहायशी इलाके के बावजूद बड़ा हादसा टल गया। आग से पटाखा और अन्य दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ। सूचना मिलने पर गंधवानी तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे।

**टीआई बोले- घटना के बाद भागे व्यापारी:** गंधवानी थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना ने बताया कि सभी व्यापारी मनावर गंधवानी के बताए जा रहे हैं। वे घटना के बाद से भाग गए हैं। जो सामान जलने से बच गया है उसे सही से रखवाया जा रहा है। आगजनी की घटना की जांच की जा रही है। हम कारणों का पता लगाकर आरोपियों पर कार्रवाई करेंगे।



#### 6 घायलों में 3 को धार किया रेफर

गंधवानी थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना ने बताया कि घटना में मालसिंग पिता मोहन (45), संतुबाई (42), कालू (55) पिता थावरिया की हालत गंभीर होने पर जिला मुख्यालय धार रेफर किया गया है। डॉ. भव्या वास्केल ने बताया कि फिलहाल स्थिति सामान्य है। वहीं शाम 5 बजे डेबर सिंह (55), मेह सिंह (35) और सारीबाई पति नवसिंह को इलाज के लिए लाया गया है।

#### 2 हजार लोग थे मौजूद, भागकर बचाई जान

घटना में घायल डेबर सिंह ने बताया कि दीपावली के पहले हाट बाजार में अस्थाई पटाखे की दुकानें लगाई गई थी। जिसमें से एक दुकान में आग लगने के कारण यह घटना हुई। एक व्यापारी ने बताया कि बच्चों ने एक दुकान पर पटाखा जला लिया था। वहीं से आगजनी की शुरुआत हो गई। बाजार में करीब 2 हजार लोग मौजूद थे। हजारों लोगों ने भागकर जान बचाई है।

### मां राज राजेश्वरी धाम महालक्ष्मी माता मंदिर खंडवा में

# दीपावाली पर्व के अवसर पर 5 दिवसीय विशेष श्रृंगार का शुभारंभ

**खंडवा ■ निसं**

दीपावली के पावन पर्व पर मां राज राजेश्वरी धाम महालक्ष्मी माता मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का माहौल बना हुआ है। मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली के पांच दिनों तक मां के भव्य और दिव्य स्वरूपों में श्रृंगार किया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता के दर्शन हेतु मंदिर पहुंच रहे हैं।

मंदिर के पुजारी चैतन्य तांदले ने बताया कि कोल्हापुर स्थित मुख्य मंदिर के अनुसार ही सभी विधियां इस मंदिर में की जाती हैं इस वर्ष भी दीप पर्व के प्रथम दिवस,बसुबारस के दिन मां महालक्ष्मी का श्रृंगार विशेष रेशमी वस्त्रों एवं आभूषणों में कर मां धनलक्ष्मी के रूप में सजाया गया। इस स्वरूप में मां की छवि के दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुए।

श्रृंगार के बाद विशेष श्रीसूक्त सप्तशती पाठ,महाआरती और मां की स्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय भक्तों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भी सम्मिलित हुए। मंदिर परिसर में दीपों की रोशनी, फूलों की सजावट और मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण देवीमय हो गया।

पुजारी चैतन्य तांदले ने यह भी बताया कि प्रतिदिन माता के विभिन्न रूपों में श्रृंगार किया जाएगा। जैसे-

- धनतेरस के दिन मां ऐश्वर्य लक्ष्मी,
- नरकचौदस के दिन मां का मूल कोल्हापुर वासिनि स्वरुप,
- और इसी क्रम में मुख्य दीपावली दिवस पर मां महालक्ष्मी का कमल पुष्प पर खड़े हुए और धन बरसाते हुए श्रृंगार किया जाएगा।




### ग्वालियर में 2 दोस्तों को वाहन ने कुचला

# घर से पेंट खरीदने के लिए निकले थे, एक की मौके पर मौत, दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार 2 दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरे ने अस्पताल में देर रात दम तोड़ दिया है। घटना गुरुवार देर रात भितरवार के बेलगढ़ा में लोढ़ी माता तिराहा की है। दोनों घर पर पेंट करने के लिए कलर लेने के लिए निकले थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा कैसे और किन हालात में हुआ है।

ग्वालियर के बेलगढ़ा देवरीकलां निवासी 20 वर्षीय धर्मेंद्र पिता महेश जाटव जिम चलाता है। भितरवार शहर में उसकी जिम है। धर्मेंद्र का दोस्त 21 वर्षीय रोहित उर्फ अभिषेक पुत्र उत्तम जाटव गुरुवार रात को घर में डिस्टेंपर करने के लिए कलर खरीदने भितरवार पहुंचा था।

धर्मेंद्र और रोहित ने अपने-अपने काम निपटाए और एक ही बाइक पर सवार होकर रात में घर जाने के लिए निकले। रात करीब 8 बजे जब दोनों दोस्त लोढ़ी गांव के तिराहे पर पहुंचे थे।



उसी समय हादसे का शिकार हो गए। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सामने की तरफ से बाइक में टक्कर मार दी क्योंकि बाइक आगे की ओर से ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है।

हादसे में जिम संचालक धर्मेंद्र जाटव ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया था। बाइक वही चला रहा था और सिर में गंभीर चोट लगी थी।

**घायल दोस्त ने अस्पताल में ली अंतिम सांस:** हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। घायल रोहित उर्फ अभिषेक जाटव की सांस चल रही थीं, इसलिए पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया था।

जहां इलाज के दौरान रोहित ने भी शुक्रवार सुबह दम तोड़ दिया है। एक ही गांव के दो युवकों की मौत की खबर जैसे ही पता चली, वैसे ही सन्नाटा छा गया। त्योहार की खुशियों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**बेलगढ़ा थाना प्रभारी अजय सिंह सिकरवार ने बताया-**

एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की जान चली गई है। हादसा कैसे और किन हालात में हुआ जांच की जा रही है।

### नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के

# वेटरनरी कॉलेज महू में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**इंदौर/महू ■ निसं**

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज महू में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 13-15 अक्टूबर, 2025 को सोसाइटी फॉर वेटरनरी एंड एनिमल हसबैंड्री एक्सटेंशन (SVAHE-2025) के 7वें नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के एक्सटेंशन के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। जिसमें हमारे माननीय कुलपति महोदय डॉ. मंदीप शर्मा जी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और डॉ. सुनील नायक , संचालक विस्तार शिक्षा-



वीयू को सोसाइटी फॉर वेटरनरी एंड एनिमल हसबैंड्री एक्सटेंशन द्वारा फेलोशिप प्रदान की गई।

साथ ही इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में वेटरनरी कॉलेज जबलपुर की डॉ. रुचि सिंह को बेस्ट वुमन एक्सटेंशन साइंटिस्ट अवार्ड और उनकी स्टूडेंट डॉ. प्रतीक्षा विशाल को बेस्ट MVSc थीसिस अवार्ड मिला। वैलेडिक्टरी फंक्शन के दौरान, CVSC और UAH, वेटरनरी एक्सटेंशन डिपार्टमेंट जबलपुर ने यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया। डॉ. रश्मि विश्वकर्मा, Ph.D. स्कॉलर और डॉ. प्रियंका प्रजापति को बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड दिया गया।

### जिला कांग्रेस के संगठन तिवारी ओम पटेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली

# युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और आम नागरिकों की आवाज़ को मजबूती से उठाएगें

**सिवनी मालवा ■ निसं**

जिला संगठन प्रभारी ओम पटेल ने नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कांग्रेस के जमीनी संगठन को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि मुझे मिली यह जिम्मेदारी कोई पद नहीं, बल्कि कांग्रेस परिवार का विश्वास है - एक ऐसा विश्वास, जिसे मैं अपनी पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाऊंगा। मैं हर उस कार्यकर्ता के साथ खड़ा हूं जो जनता की सेवा और संगठन की मजबूती के लिए संघर्ष कर रहा है।



कांग्रेस विचारधारा भारत की आत्मा है, और इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सबका धर्म है। ओम पटेल ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस संगठन को हर स्तर पर सक्रिय किया जाएगा युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और आम नागरिकों की आवाज़ को मजबूती से उठाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ और संघर्ष का प्रतीक है। आज जब देश और प्रदेश की जनता कठिनाइयों से जूझ रही है, तब हमारा दायित्व है कि संगठन को गांव-गांव, वार्ड-वार्ड तक मजबूत करें। कांग्रेस कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं, और इन्हीं के बल पर हम जनता के अधिकारों की लड़ाई को और सशक्त करेंगे। कार्यक्रम में नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयकारों और नारों के बीच उनका जोशीला स्वागत किया। पूरा माहौल कांग्रेस ज़िंदाबाद, जय कांग्रेस और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

वहीं उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने कहा कि ओम पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई गति मिलेगी। सभी ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती, सेवा और जनसंपर्क के विस्तार का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा सेवा, संगठन और समर्पण ही कांग्रेस की पहचान है, और सिवनी मालवा ने आज इसे फिर से जीवंत कर दिया।

इस स्वागत समारोह में नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षदगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, हस्ढ्ढ, सेवादल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। माहौल उत्साह, एकता और समर्पण की भावना से ओतप्रोत रहा।

### नाबालिग छात्र के यौन शोषण मामले में एफआईआर पर रोक

# सीनियर पर लगा था आरोप, आरोपी की याचिका पर सुनवाई के लिए नोटिस दिया

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर के एक स्कूल में 13 जुलाई 2024 को हुई घटना में सीनियर नाबालिग छात्र पर जूनियर छात्र के यौन शोषण का आरोप लगा था। इस मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। सीनियर छात्र, जो खुद भी नाबालिग है, ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर एफआईआर को रोकने की मांग की। उनका कहना था कि पॉक्सो एक्ट केवल वयस्कों द्वारा बच्चों के यौन शोषण के लिए बनाया गया है, जबकि इस मामले में दोनों छात्र नाबालिग हैं। इसलिए यह मामला पॉक्सो एक्ट के तहत नहीं आता।



याचिका में यह भी कहा गया कि अगर कोई छात्र बालिग होता, तो मामला धारा 377 के तहत आता, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही इस धारा को रद्द कर दिया है। इसलिए यह घटना कानूनी रूप से अपराध नहीं बनती।

हाईकोर्ट की एकल पीठ ने यह तर्क मानते हुए एफआईआर पर रोक लगा दी। कोर्ट ने आगे की सुनवाई के लिए दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया है।

घटना के अनुसार, सीनियर छात्र ने जूनियर छात्र को अपने हॉस्टल कमरे में बुलाया और उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। जब यह बात प्राचार्य तक पहुंची, तो उन्होंने बहोड़ापुर थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला दर्ज हुआ। हाईकोर्ट के आदेश के बाद फिलहाल मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई पर रोक लग गई है।

## अनमोल वचन

साधारण और असाधारण व्यक्ति के बीच का अंतर थोड़ा सा अतिरिक्त है यही अतिरिक्त उस व्यक्ति को असाधारण बनाता है। -अज्ञात

कभी भी आप ऐसा न सोचें की आप क्या कर सकते है बल्कि आप हमेसा ऐसा सोचे की आप क्या नहीं कर सकते हैं। -जान वुडेन

## सम्पादकीय

### ट्रंप की सनक से जल्द ही दिवालिया हो सकता है अमेरिका

प्रथम एवं द्वितीय युद्ध के बाद से सारी दुनिया के देशों का जो विश्वास अमेरिका के ऊपर बढ़ा था। सभी देशों के राजाओं, लोकतांत्रिक देश, यहां तक कि कम्युनिस्ट देशों ने भी पिछले 100 वर्षों में अमेरिका में सोना जमा करके अमेरिका से बांड खरीदे थे। अमेरिका के बांड की विश्वसनीयता थी। जिसे दुनिया के सभी देश स्वीकार करते थे। पिछले 80 वर्षों से अमेरिका मे बांड और अमेरिकी डॉलर जमा करके बांड खरीदते रहे। व्यापार की जरूरत में लेनदेन को पूरा करने के लिए वैश्विक व्यापार के रूप में डॉलर मुद्रा को सारी दुनिया ने स्वीकार कर लिया था। पिछले तीन दशक मे जिस तरह से अमेरिका ने समय-समय पर अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। जिन देशों ने अमेरिका की बात नहीं मानी। उन पर प्रतिबंध लगाया, डॉलर के कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया। इसका सबसे बड़ा शिकार सबसे पहले इराक हुआ। जिसने डॉलर मुद्रा से व्यापार करने से मना किया था। उसके ऊपर अमेरिका ने रासायनिक हथियारों का आरोप लगाकर उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा। उसे पूरी तरह से बर्बाद किया। वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी। उसके बाद इराक पर अमेरिका ने ईरान के सहयोग से कब्जा कर लिया था। आज वहीं ईरान अमेरिका के निशाने पर है। बांटो और राज करो की नीति अंग्रेजों के लिए कोई नई नही है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जिस तरह के हालात बने थे। वैश्विक स्तर की संस्थाओं का गठन हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में रूस चीन और अमेरिका स्थाई सदस्य के रूप में शामिल हुए। दुनिया ने इस पर विश्वास किया। सारी दुनिया के देशों को उसका सदस्य बनाया गया। वैश्विक संस्थाओं ने वैश्विक व्यापार और वैश्विक लेनदेन को लेकर डॉलर मुद्रा से सारी दुनिया आश्वस्त हुई। जिसके कारण सारी दुनिया का सोना अमेरिका में इकट्ठा होने लगा। उसके बदले दुनिया के सभी देश और कारोबारी अमेरिका के बांड को खरीदने लगे।अपने- अपने देश में विदेशी करेंसी के रूप में डॉलर बड़ी मात्रा में जमा करने लगे। जिसके कारण पूरी दुनिया का कारोबार डॉलर में होने लगा। दुनिया के सभी देश डॉलर में ही अपनी चीजों के दाम आज भी बताते हैं।उसी के अनुसार लेनदेन करते हैं। जिसके कारण अमेरिका स्वयंभू बन गया। सोवियत रूस के टूटने के बाद सारी दुनिया में अमेरिका की दादागिरी चलने लगी। रही सही कसर आर्थिक व्यापार संधि ने पूरी कर दी। वैश्विक व्यापार सारी दुनिया में अमेरिकी डॉलर में होने लगा। अमेरिका के पास दुनिया का 60 फीसदी सोना जमा हो गया। सोने के बदले अमेरिका ने डॉलर जारी किए। जिसके कारण अमेरिका की ताकत धीरे-धीरे अहंकार में बदलने लगी। पिछले दो दशक में जो भी देश अमेरिका की बात को नहीं मानता है।उसकी डॉलर मुद्रा को चुनौती देने का साहस दिखाता है। उसे बर्बाद करने पर अमेरिका तुल जाता है। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने, उसके बाद उन्होंने टैरिफ को लेकर एक नया युद्ध शुरू कर दिया। ट्रंप के इस काल में जो मनमानी की जा रही है,उसको लेकर सारी दुनिया के देशों मे पहिले अमेरिका के प्रति जो विश्वास था। वह विश्वास बड़ी तेजी के साथ खत्म होता चला जा रहा है। चीन ने बड़ी मात्रा में अपने बांड भुना लिये हैं। जमा सोना वापस बुलाना शुरू कर दिया है। भारत ने भी अपना सोना वापस बुला लिया है। हाल ही में रूस की बहुत बड़ी अमेरिका में जमा राशि को अमेरिका ने जब्त कर लिया है। रूस के कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया। रूस और यूक्रेन के युद्ध को लेकर लगातार रुस को धमकी दी जा रही है। पिछले 9 महीने के ट्रंप प्रशासन के निर्णय से सारी दुनिया के देश परेशान और भयाक्रांत हैं। पहले यूरोपीय देशों ने डालर को लेकर बगावत शुरू की थी। वह यूरोपीय मुद्रा चलन में लाये। यह देश अमेरिका के समर्थित थे। अमेरिका ने इनसे लड़ाई तो लड़ी, लेकिन यह दोस्ताना लड़ाई थी। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद, ट्रंप ने जिस तरह के निर्णय लिए हैं। उससे सारी दुनिया हैरान और परेशान है। अमेरिका के साथ अब आर पार की लड़ाई शुरू हो गई है। इजराइल और गाजा युद्ध को लेकर, अमेरिका इजरायल की समर्थन मे खड़ा रहा। इजराइल ने गाजा में रसद और दवाइयां नहीं पहुंचने दी। इस लड़ाई में हजारों की संख्या में महिलाएं बच्चे और निर्दोष नागरिक मारे गए। गाजा में बड़ी तबाही की गई। इजराइल और अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद, रेड क्रॉस सोसाइटी तथा डब्ल्युटीओ की बात नहीं मानी। निरपराध और निर्दोष नागरिक मारे जाते रहे। संयुक्त राष्ट्र संघ में दुनिया के अधिकांश देशों को इजरायल का बहिष्कार करना पड़ा। कई देशों में अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगा दिए जाने अथवा टैरिफ बढाकर अमेरिका ने अप्रत्यक्ष रूप से कई देशों के साथ आर्थिक युद्ध छेड़ रखा है। ऐसी स्थिति में सारी दुनिया के देश डॉलर और अमेरिका की दादागिरी से बाहर निकलना चाहते हैं। दुनिया के सभी देशों ने अमेरिका मे आई, 2008 की मंदी के बाद सभी देशों के फेडरल बैंकों ने बड़ी मात्रा में सोना खरीदा, वर्तमान में भी सभी देशों के फेडरल बैंक बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं। विभिन्न देशों के बीच अब लेन-देन के लिए वार्टर सिस्टम भी शुरू हो गया है। आयात और निर्यात में दोनों देश आपसी सहमति से डॉलर से भिन्न, अन्य मुद्रा को स्वीकार करने लगे हैं।

## चिंतन-मनन

### दया करने वालों की जय-जयकार होती है

हर व्यक्ति अधिक से अधिक धन कमाने के पीछे व्यवहारिकता एवं मानवीय मूल्यों को भूलता जा रहा है। रास्ते में अगर कोई मजबूर व्यक्ति दिख जाए तो कोई बेबसी प्रकट करने के लिए दो पल रूक जाए यही बड़ी बात होती है। बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो किसी के लिए अपना एक पल और एक रूपये तक खर्च करने में कंजूसी करते हैं। शायद इसलिए कि उन्हें लगता है, भला पीड़ित व्यक्ति उनका क्या नाता है। लेकिन ऐसा सोचने से पहले यह शब्द जरूर याद करना चाहिए कि वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र इस देश ने संसार को दिया है जिसका अर्थ है वसुधा यानी धरती पर रहने वाला हर व्यक्ति हमारा कुटुम्ब है। अगर विष्णु पुराण, श्रीमद्भागवत् पुराण अथवा अन्य कोई भी पुराण उठाकर देखेंगे तो पता चलेगा कि हम सभी मनुष्य मनु की संतान हैं। इस नाते हम सभी मनुष्य एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। इस नाते हम सभी को अपने रिश्तेदारों की सहायता करनी चाहिए यही हमारा धर्म है। धर्म ग्रंथों में कहा भी गया है कि दया धर्म का मूल है। इसलिए हर व्यक्ति को बिना किसी लालच और स्वार्थ के जरूरत के समय आगे बढ़कर लोगों की मदद करनी चाहिए। जो ऐसा करते हैं उनका जयजयकार समाज ही नहीं ईश्वर भी करता है। दया करने वाला व्यक्ति कठिन समय आने पर भी अपना गुण नहीं त्यागता है। इसी का उदाहरण है मुगल बादशाह दारा। दारा को औरंगजेब ने बंदी बना लिया। बंदी बना दारा जब शहर के बीच से गुजर रहा था तो उसकी स्थिति देखकर लोग तरस खा रहे थे लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आ रहा था। एक फकीर ने दारा की स्थिति को देखकर कहा कि, दारा तू जब भी हाथी पर बैठकर इस रास्ते जाता था तो मेरी झोली भरता था। आज क्या फकीर की झोली खाली रहेगी। दारा ने नज़र उठाकर उस फकीर की ओर देखा और अपने शरीर पर पड़ा दुशाला उठाकर फकीर की ओर फेंक दिया। दारा की बेबसी पर जो लोग सिर झुकाए खड़े थे सभी दारा की उदारता और दयालुता को देखकर जयजयकार करने लगे। दारा का झुका हुआ सिर गर्व से ऊपर उठ गया और औरंगजेब के सैनिकों का सिर शर्म से झुक गया। भले ही आप कभी तीर्थ स्थल न जाएं लेकिन जरूरत के समय लोगों की सहायता कर दें तो कई तीर्थ यात्रा का फल आपको घर बैठे मिल जाता है। भगवान कभी यह नहीं कहते कि लोगों को दबाकर कुचलकर मेरे मंदिर में आओ। जो लोग ऐसा करते हैं उनके मंदिर में प्रवेश करने पर भगवान मंदिर छोड़कर चले जाते हैं। दयालु व्यक्ति के मन में ईश्वर बसता है। मंदिर में तो उसके अंदर का प्रतिबिंब नज़र आता है। दयालु व्यक्ति को तो घर में रखे शिव की तस्वीर में भी शिव की अनुभूति हो जाती है। जबकि धनार्जन में मस्त लोगों को तीर्थ स्थलों में भी ईश्वर की अनुभूति नहीं होती है।

## दीप जले दीपावली आई- 5 दिवसीय महापर्व

# धनतेरस से दीपावली पर्व का आगाज़



सनमुखदास भावनानी

साथियों बात अगर हम दीपावली महापर्व की शुरुआत धनतेरस शनिवार 18 अक्टूबर 2025 से शुरू होने की करें तो, दीपावली का शुभारंभ धनतेरस के दिन से ही हो जाता है और भाई दूज तक यह 5 दिवसीय उत्सपव मनाया जाता है। सबसे पहले धनतेरस, फिर नरक चतुर्दशी, उसके बाद बड़ी दिवाली, फिर गोवर्द्धन पूजा और सबसे आखिर में भाई दूज पर इस पर्व की समाप्ति होती है।

वैश्विक स्तरपर अगर हम गहराई से देखें तो भारत में करीब करीब हर दिन किसी न किसी पर्व को मनाने का होता है। कभीसामाजिक,जातीय,धार्मिक, राष्ट्रीय तो कभी चुनावी महापर्व जैसे 6 व 11 नवंबर 2025 को बिहार विधानसभा का चुनावी महापर्व तथा 14 नवंबर 2025 को परिणाम आने का महापर्व मनाने का दिन है,दूसरी ओर 15 अक्टूबर 2025 को 4 वर्षो के बाद दीवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने पटाखा प्रेमियों के लिए राहत भरा फैसला दिया है।कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति दे दी है।मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह निर्णय संतुलित दृष्टिकोण के साथ लिया गया है, जिससे उत्सव की भावना और पर्यावरण दोनों की रक्षा हो सके।इन त्योहारों का एक महत्वपूर्ण भाव अनेकता में एकता है,इसके कारण ही भारत एक विशालकाय जनसंख्या वाला देश विभिन्न धर्मो जातियों उपजातियों के बीच सर्वधर्म सद्भाव के प्रेमसे संजोया हुआ एक खूबसूरत गुलदस्ता है, इसीलिए ही हर धर्म समाज का पर्व हर दिन आना स्वाभाविक है। परंतु उन कुछ पर्वों में से धनतेरस से दीपावली और फिर छठ महापर्व एक ऐसा खूबसूरत त्यौहार पर्व है जिसे भारत में ही नहीं पूरी दुनियाँ में बसे भारतवंशियों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 18 अक्टूबर 2025 से हो रही है जो 5 दिन तक बड़ी सौहार्दपूर्ण के साथ और खुशियों के साथ मनाया जायेगा, फिर अब दीपावली के छठवें दिन से छठ पर्व मनाया जाएगा, जो धार्मिक आस्था का खूबसूरत प्रतीक है। चूंकि दीप जले दीपावली आई, धनतेरस से दीपावली का आगाज़ होग़ा और पांच दिवसीय दीपावली पर्व का धनतेरस के भावपूर्ण स्वागत से शुरू हो जायेगा,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां के हर देश में बसे भारतवंशी धनतेरस से भाई दूज तक फिर छठ के महात्योहार में खुशियों से सराबोर होंगे।

साथियों बात अगर हम दीपावली महापर्व की शुरुआत धनतेरस शनिवार 18 अक्टूबर 2025 से शुरू होने की करें तो, दीपावली का शुभारंभ धनतेरस के दिन से ही हो जाता है और भाई दूज तक यह 5 दिवसीय उत्सपव मनाया जाता है। सबसे पहले धनतेरस, फिर नरक चतुर्दशी, उसके बाद बड़ी दिवाली, फिर गोवर्द्धन पूजा और सबसे आखिर में भाई दूज पर इस पर्व की समाप्ति होती है।धनतेरस इस बार 18 अक्टूबर 2025 को मनाई जा रही है, वैसे बता दे कुछ लोग 19 तारीख को भी मना रहे हैं कार्तिक मास के कृष्णू पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाई जाती हैपौराणिक मान्योताओं में यह बताया गया है कि कार्तिक मास के कृष्णी पक्ष की त्रयोदशी तिथि को समुद्र मंथन से भगवान धनवंतरी प्रकट हुए थे और उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था।

उन्हें विष्णु भगवान का अवतार माना जाता है। धनतेरस को उनके प्राकट्योत्सीव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेरजी और धन की देवी मां लक्ष्मीं की पूजा की जाती है और सोने-चांदी के अलावा बर्तनों की खरीद करते हैं। धनतेरस को लेकर ऐसी मान्यनता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुसओं में 13 गुना वृ?द्धि होती है और हमको धन की कमी नहीं होती ।मृत जीवित हो आता था। विधाता के कार्य में यह बहुत बड़ा व्यवधान पड़ गया। सृष्टि में भयंकर अव्यवस्था उत्पन्न होने की आशंका के भय से देवताओं ने इन्हें छल से लोप कर दिया। वैद्यगण इस दिन धन्वंतरी जी का पूजन करते हैं और वर मांगते हैं कि उनकी औषधि व उपचार में ऐसी शक्ति आ जाए जिससे रोगी को स्वास्थ्य लाभ हो। सद्गृहस्थ इस दिन अमृत पात्र को स्मरण कर नए बर्तन घर में लाकर धनतेरस मनाते हैं। आज के दिन ही बहुत समय से चले आ रहे मनो मालिन्य को त्याग कर यमराज ने अपनी बहिन यमुना से मिलने हेतु स्वर्ग से पृथ्वी की ओर प्रस्थान किया था। गृहणियां इस दिन से अपनी देहरी पर दीपक दान करती हैं, जिससे यमराज मार्ग में प्रकाश देखकर प्रसन्न हों और उनके गृह जनों के प्रति विशेष करुणा रखें। इस वर्ष यह पर्व 18 अक्टूबर 2025 ई शनिवार को मनाया जा रहा है, इसी दिन प्रात: सूर्यादय से ही त्रयोदशी तिथि का आगाज़ हुआ ।अत: उदय व्यापिनी त्रयोदशी होने के कारण प्रदोष व्रत के साथ-साथ प्रदोष काल में दीपदान का विशेष महत्व रहेगा।

साथियों बात अगर हम पांच दिवसीय दीपावली महापर्व की करें तो (1) पहला दिन - पहले दिन को धनतेरस कहते हैं। दीपावली महोत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है। इसे धन त्रयोदशी भी कहते हैं। धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज, धन के देवता कुबेर और आयुर्वेदाचार्य धन्वंतरि की पूजा का महत्व है।

# धनतेरस धन के भौतिक एवं आध्यात्मिक समन्वय का पर्व

– ललित गर्ग



धनतेरस का पर्व पंच दिवसीय दीपोत्सव की पवित्र श्रृंखला का आरंभिक द्वार है। यह केवल सोना-चांदी, वस्त्र या बर्तन खरीदने का शुभ दिन नहीं, बल्कि धन के प्रति हमारी सोच को पुनर्संतुलित करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में धन को सदैव देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, परंतु यह पूजन केवल भौतिक संपदा का नहीं, बल्कि धन के नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उपयोग का भी प्रतीक है। ऋषि-मुनियों ने धन को केवल मुद्रा नहीं, बल्कि एक ऊर्जा माना है। उपनिषदों में कहा गया है-धनं मूलं सर्वेषां साधनानाम्, अर्थात धन सभी साधनों का मूल है, परंतु वही धन शुभ है जो धर्म-संयम से अर्जित और लोककल्याण में नियोजित हो। धनतेरस हमें याद दिलाता है कि धन केवल संग्रह का नहीं, उपयोग का विषय है। धन का सही उपयोग ही उसे 'लक्ष्मी' बनाता है, अन्यथा वह 'अलक्ष्मी'-अशांति और विषमता का कारण बन जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाया जाता है। इस तिथि को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बर्तन, सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। ऐसे में यह दिन धन्वंतरि को समर्पित किया गया है।

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंश माना गया है, जिन्होंने मानव समाज को चिकित्सा विज्ञान (आयुर्वेद) का ज्ञान दिया। इसी कारण धनतेरस के दिन देशभर में वैद्य समाज भगवान धन्वंतरि जयंती के रूप में उनकी पूजा करता है। धनतेरस का ऐतिहासिक महत्व समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा है, जब भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इसे 'धनत्रयोदशी' भी कहते हैं। यह त्योहार भगवान धन्वंतरि को समर्पित है, जिन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है, और धन एवं समृद्धि के देवता भगवान कुबेर की भी पूजा की जाती है। भारत सरकार ने धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी के साथ इस दिन यम दीपक जलाने का भी विधान है। जिसे दीपदान भी कहा जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, यमराज से अपनी रक्षा करने के लिए इस दिन यमदीपदान किया जाता है। एक कथा के अनुसार, एक राजा के पुत्र को साँप के काटने से मृत्यु होने की भविष्यवाणी थी, जिसे उसकी पत्नी ने दीप और सोने-चाँदी के ढेर लगाकर यमराज को दूर रखने में सफल हुई। जैन आगम में धनतेरस को 'धन्य तेरस' या 'ध्यान तेरस' भी कहते हैं।

प्राचीन भारत में धन का वितरण और उपयोग धर्म और नीति के साथ जुड़ा हुआ था। व्यापारी 'लाभ' में भी 'लोक-लाभ' देखते थे। राजा अपने धन को जनकल्याण, सिंचाई, शिक्षा और सुरक्षा में लगाते थे। किन्तु आधुनिक युग में, विशेषत: पूंजीवादी व्यवस्था के प्रसार के बाद, धन का स्वरूप विकृत हुआ है। धन साधन से लक्ष्य बन गया है। इसके परिणामस्वरूप समाज में अमीरी-गरीबी की खाई, शोषण, और भ्रष्टाचार बढ़ा है। आज एक ओर अरबपतियों की गिनती बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग रोटी और दवा के अभाव में जीवन गुज़ार रहे हैं। धनतेरस का पर्व इस विडंबना पर आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें पुकारता है कि हम धन को केवल अपनी तिजोरी का नहीं, बल्कि समाज की समृद्धि का माध्यम बनाएं। लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी प्रथा है, चांदी शुद्धता की प्रतीक है यहीं शुद्धता इंसानी जीवन में आये, यही इस पर्व का उद्घोष है।

महात्मा गांधी ने कहा था-पैसा अपने आप में बुरा नहीं है, परंतु जब वह मनुष्य का स्वामी बन जाता है, तब वह विनाश का कारण बनता है। धनतेरस का सच्चा संदेश यही है-धन का स्वामी बनो, उसका दास नहीं। धन के प्रति सकारात्मक दृष्टि का अर्थ है उसे साधना, सेवा और संस्कार से जोड़ना। आज आवश्यकता है कि हम धन को साझा समृद्धि, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय करुणा के उपकरण के रूप में देखें। आज विश्व अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती समान अवसरों का अभाव है। धनतेरस का यह अवसर सरकारों को भी यह संदेश देता है कि वे विकास के लिए धन का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करें। राजकोषीय नीतियाँ केवल अमीर वर्ग के लाभ के लिए नहीं, बल्कि गरीबों के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए हों। धन की प्रवाह प्रणाली में नैतिकता, पारदर्शिता और संवेदना का समावेश आवश्यक है।

आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने भी धन के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। उन्होंने भगवान महावीर के आर्थिक दर्शन को आधुनिक संदर्भों में व्याख्यायित करते हुए 'महावीर का अर्थशास्त्र' नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी। आचार्य महाप्रज्ञ ने स्पष्ट किया कि धन का अर्जन और उपयोग दोनों ही अहिंसक, नैतिक और संयमित होने चाहिए।

## धनतेरस पर धन और स्वास्थ्य दोनों को समर्पित संकल्प



दिलीप कुमार पाठक

आमतौर पर धनतेरस को दीपावली के प्रवेश पर्व के रूप में मनाया जाता है। कई महीनों से निरंतर साफ - सफ़ाई एवं तमाम तरह की तैयारियों के बाद धनतेरस खुशियो की सौगात लेकर आता है। सही मायने में धनतेरस से दीपावली की खुशबू आने लगती है। धनतेरस केवल हिन्दू धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय बाजार को भी चलाता है, धनतेरस ही तो पर्व है जब बाज़ार गुलज़ार हो जाते हैं, जो लोग कभी ख़रीदारी नहीं करते वे भी धनतेरस के दिन संरक्षित पूंजी खर्च कर डालते हैं, यही कारण है कि इस त्यौहार का खासा महत्व है। वैदिक दृष्टि से देखा जाए तो धनतेरस भगवान धनवंतरि एवं मृत्यु के देवता यमराज को समर्पित है। इस दिन वैदिक देवता यमराज का पूजन किया जाता है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है, जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है, अन्यथा यमराज की पूजा कोई नहीं करता, सभी देवताओं के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने के लिए त्योहारों की स्थापना की गई है अगर ये कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी, हालांकि भारतीय त्योहार भारतीय समाज की जीवन शैली को सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धनतेरस हिन्दू धर्म में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्योहार है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था, इसलिए इस तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार ने इसे आधुनिक स्वरुप देने के लिए और लोगों को जोड़ने के लिए धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। सरकार का यह निर्णय सराहनीय है, हमारे धार्मिक त्योहारों, एवं पर्वों को आधुनिक बनाते हुए नव पीढ़ी को जोड़ने से समाज में सकारात्मकता आ सकती है। आज ही के दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता धन्वन्तरि वैद्य समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे, इसलिए धनतेरस को धन्वन्तरि जयन्ती भी कहते हैं। इसीलिए वैद्य-हकीम और ब्राह्मण समाज आज धन्वन्तरि भगवान का पूजन कर धन्वन्तरि जयन्ती मनाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि धनतेरस आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घरों में नए बर्तन ख़रीदते हैं और उनमें पकवान रखकर भगवान धन्वंतरि को अर्पित करते हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि असली धन तो स्वास्थ्य है, इसलिए ही तो कहते हैं पहला सुख निरोगी काया। धन्वंतरि ईसा से लगभग दस हज़ार वर्ष पूर्व हुए थे। वह काशी के राजा महाराज धन्व के पुत्र थे। उन्होंने शल्य शास्त्र पर महत्त्वपूर्ण गवेषणाएं की थीं। उनके प्रपौत्र दिवोदास ने उन्हें परिमार्जित कर सुश्रुत आदि शिष्यों को उपदेश दिए इस तरह सुश्रुत संहिता किसी एक का नहीं, बल्कि धन्वंतरि, दिवोदास और सुश्रुत तीनों के वैज्ञानिक जीवन का मूर्त रूप है। धन्वंतरि के जीवन का सबसे बड़ा वैज्ञानिक प्रयोग अमृत का है। उनके जीवन के साथ अमृत का कलश जुड़ा है। वह भी सोने का कलश। अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण पात्र में ही बताया था। उन्होंने कहा कि जरा मृत्यु के विनाश के लिए ब्रह्मा आदि देवताओं ने सोम नामक अमृत का आविष्कार किया था। सुश्रुत उनके रासायनिक प्रयोग के उल्लेख हैं। धन्वंतरि के संप्रदाय में सौ प्रकार की मृत्यु है।

## खास बात

### बिहार चुनाव में दोनों गठबंधनों में बबाल

बिहार के विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों ही गठबंधन में जमकर जुतम-पैजार हो रही है। अभी तक एनडीए गठबंधन इंडिया गठबंधन पर निशाना साध रहा था। जैसे ही सीटों और टिकटों की घोषणा हुई ।जो एनडीए गठबंधन अपने आप को एकजुट बता रहा था। उसी में सबसे बड़ी जूतम पेजार देखने को मिल रही है। इंडिया गठबंधन भी इससे अलग नहीं है। अब दोनों इस मामले में शांत हो गए हैं। सब बगावत को कंट्रोल करने में लग गए हैं। इंडिया गठबंधन के नेता मजा ले रहे हैं। दोनों गठबंधन की लड़ाई से जैन स्वराज पार्टी के प्रशांत किशोर उर्फ पीके को लगता है कि इस बार के हीरो वही रहेंगे।

### तालिबान से क्या हासिल होगा

कुछ वर्षों पूर्व भाजपा के नेता तालिबान की बड़ी आलोचना करते थे। समय बदला अब वही तालिबानी भाजपा और मोदी सरकार के सबसे करीब आ गए हैं। हाल ही में तालिबान के विदेश मंत्री भारत आए थे। उनका लाल कालीन बिछाकर स्वागत किया गया। वह उत्तर प्रदेश भी गए ।जो उनका विरोध करते थे। वही उनका स्वागत कर रहे थे। एक उपलब्धि जरूर भारत और भाजपा को होती हुई दिख रही है। तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत आकर अमेरिका और पाकिस्तान को ललकारा है। जो काम भारत सरकार और भाजपा नेता नहीं कर पा रहे थे। उसे विदेश मंत्री आमिर खान मुक्तकी ने कर दिखाया ।पाकिस्तान की लड़ाई तालिबान के कंधे पर बैठकर भारत सरकार लड़ने जा रही है। आगे क्या होगा यह भगवान जाने।

### पीके राघोपुर से लड़ेंगे चुनाव?

चुनाव विशेषज्ञ माने जाने वाले प्रशांत किशोर उर्फ़ पीके सीधे-सीधे तेजस्वी यादव की सीट से चुनाव लड़ेंगे ।जब दो शेर आमने-सामने लड़ेंगे। तभी तो दावा मजबूत होगा। तेजस्वी के सामने प्रशांत किशोर के चुनाव लड़ने से यह माना जा रहा है। उन्होंने बिहार की जनता को मैसेज दे दिया है। उनकी ही सरकार बनने जा रही है। वह तेजस्वी से लड़ेंगे, उन्हें हराकर वह बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। चुनाव में इस तरीके के हथकंडे तो अपनाने ही पडते हैं। इसे पीके से अच्छा और कौन जानता है।

### बिहार में सोशल मीडिया चर्चाओं में

सोशल मीडिया में बिहार विधानसभा के चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन बड़े-बड़े दावे कर रहा है। इंडिया गठबंधन को सोशल मीडिया में बढ़त मिली हुई है। गोदी मीडिया में एनडीए गठबंधन छाया हुआ है। इसमें तय होगा, सोशल मीडिया की ताकत ज्यादा है, या गोदी मीडिया की ताकत ज्यादा है। वैसे विधानसभा के चुनाव परिणाम को लेकर कहा जा रहा है ।जनता कहीं पर भी वोट डाले, जीतना तो एनडीए गठबंधन को ही है। चुनाव परिणाम घोषित करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग के पास है। चुनाव आयोग एनडीए गठबंधन को हराने की सोच भी नहीं सकता है। चुनाव आयोग का मुकाबला सुप्रीम कोर्ट भी नहीं कर पा रहा है। बिहार की जनता और इंडिया गठबंधन क्या कर पायेगा। बिहार में इस बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनना तय है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, द्वादशी, शनिवार, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे, वृण योगे, तैतिल करणे, सिंह की चंद्रमा, प्रदोष व्रत, धनवंतरी जयंती, सांयम यमाय दीप दानम जीर्ण गृह प्रवेश तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, विद्वान, लेखक-कवि, लेक्चरार, उत्तम कामी पुरुष, प्रिंसपल होगा।

**मेष राशि :-** स्त्री वर्ग-संतान से क्लेश व अशांति बनेगी, मनोवृत्ति फलप्रद होगी, कार्य अवश्य ही बनेंगे ध्यान दें।

**वृष राशि :-** मानसिक उद्विघ्नता से बचें, स्वास्थ्य नरम रहेगा, विरोधियों से परेशानी होगी सावधानी अवश्य रखें।

**मिथुन राशि :-** विरोधी परेशान करेंगे, आकस्मिक घटना का शिकार होने से बचें, मानसिक विभ्रम व तनाव अवश्य बनेगा।

**कर्क राशि :-** अधिकारियों के तनाव से बचिये, दैनिक व्यवसायिक गति उत्तम बनेगी, समय को ध्यान में रखकर आगे बढ़ें।

**सिंह राशि :-** मानसिक बेचैनी से बचें, इष्ट मित्रों से धोका होगा, अनायास विभ्रम होगा, क्लेशप्रद स्थिति से बचें।

**कन्या राशि :-** विभ्रम व मानसिक अशांति रहेगी, धन हानि होगी, असमंजस की स्थिति रहेगी, धैर्य रखकर कार्य करें।

**तुला राशि :-** मनोबल उत्साहवर्धक होगा, व्यवसायिक प्रयत्न सफल होगा, कार्यगति में निरंतरता बनी रहेगी लाभ अवश्य लें।

**वृश्चिक राशि :-** अग्नि-चोटादि का भय होगा, सतर्कता से कार्य करने पर लाभ होगा, परिश्रम से कार्य पूर्ण होंगे ध्यान दें।

**धनु राशि :-** विरोधी तत्व परेशान करेंगे, अनायास बाधा बनेगी, शरीर कष्ट से मानसिक वेदना रहेगी, धैर्य अवश्य रखें।

**मकर राशि :-** परिश्रम करने पर भी सफलता दिखाई न दे, अनायास विभ्रम से कष्ट होगा, कार्यगति पर ध्यान दें।

**कुंभ राशि :-** तनाव, क्लेश व अशांति रहेगी, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, समय स्थिति से लाभांवित होने का प्रयास करें।

**मीन राशि :-** सतर्कता से कार्य करें, अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, कार्यगति अनुकूल होगी, आलस्य से हानि होगी।

-पीएल गौतमाचार्य

## दैनिक पंचांग

**18 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | तुला | 05.59 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृश्चिक | 08.14 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.30 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.21 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 15.54 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.25 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.05 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.03 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.16 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | सिंह | 01.32 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 03.44 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 291 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 12.20 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 15.42 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 01.48 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 12.20 बजे तदनन्तर गर 01.03 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 38' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872501 **जूलियन दिन** 2460966.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 25 **विशेष** धनतेरस, यम दीपम, प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# फिल्म 'लाइकी लाइका' से वापसी करेगी राशा थडानी





**मुंबई ।** अभिनेत्र रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अब नई फिल्म 'लाइकी लाइका' की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं और जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी एक्टिंग, ग्लैमर और फैशन सेंस के चाहने वाले अब उनकी आने वाली फिल्मों और प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राशा सोशल मीडिया पर भी बेहद एक्टिव हैं और उनके इंस्टाग्राम अकाउंट के तीन मिलियन से अधिक फॉलोअर्स उनके ग्लैमरस अंदाज़ और स्टाइल को फॉलो करते हैं। उनकी हर तस्वीर और वीडियो फैंस के बीच चर्चा का विषय बनती है।

राशा ने कई एड फिल्म्स और ब्रांड शूट्स में भी अपने अभिनय और ग्लैमर का जलवा दिखाया है। रेड आउटफिट में उनका सिजलिंग लुक हो या रैंप पर ग्रेसफुल वॉक, हर बार वह फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं।राशा के फैशन और स्टाइल को देखकर कहा जा सकता है कि उन्होंने अपनी मां रवीना टंडन की स्टाइल को अपनाया है, और कई बार उनसे कड़ी टक्कर भी दी है। उनकी ग्लैमरस और फैशनेबल तस्वीरें उन्हें बॉलीवुड के उभरते सितारों में खास बनाती हैं।

बॉलीवुड में एक नई स्टार के रूप में राशा थडानी की एंट्री ने दर्शकों और फैंस दोनों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है। बता दें कि 90 के दशक में पानी में आग लगाने वाली शानदार अदाकारा रवीना टंडन की बेटी राशा अब अपनी अलग पहचान बनाने में लगी हैं।

# फिल्म 'जटाधारा' अच्छाई बनाम बुराई की लड़ाई को दर्शाती है



फिल्म 'जटाधारा' अच्छाई बनाम बुराई, प्रकाश बनाम अंधकार और मानव इच्छाशक्ति बनाम ब्रह्मांडीय भाग्य की एक रोमांचक लड़ाई को दर्शाती है। फिल्म में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अलावा दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी, रोहित पाठक, झांसी, राजीव कनकला और सुभलेखा सुधाकर जैसे अनुभवी कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित 'जटाधारा' का निर्माण उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा ने किया है। इसके सह-निर्माता अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा हैं, जबकि क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भावना गोस्वामी हैं।

फिल्म का म्यूज़िक ज़ी म्यूज़िक कंपनी ने तैयार किया है। 'जटाधारा' 7 नवंबर को हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज़ होगी, और अब दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है कि यह फिल्म पर्दे पर कितना जादू चलाती है। बता दें कि सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की आने वाली फिल्म 'जटाधारा' इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत इस बहुप्रतीक्षित फिल्म ने पहले ही अपने विज़ुअली शानदार टीज़र और रहस्यमयी गीत 'धना पिशाची' के जरिए दर्शकों का ध्यान खींच लिया था।

# जीवन के नए अध्याय में कदम रखने को लेकर उत्साहित हैं विक्की कौशल



अभिनेता विक्की कौशल और अभिनेत्री कैटरीना कैफ अपने नन्हे मेहमान के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। महीनों की अटकलों के बाद, इस जोड़े ने आखिरकार पुष्टि की है कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने अपनी गर्भावस्था की घोषणा करते हुए एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, और अब एकटर ने कैटरीना कैफ की डिलीवरी डेट का हिंट दे दिया है।

विक्की कौशल पिता बनने की खुशी का आनंद लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विक्की ने कहा वह अपने जीवन के एक नए अध्याय में कदम रखने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में, जब इस अभिनेता से पूछा गया कि वह सबसे ज़्यादा किस चीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं, तो उन्होंने हंसते कहा- बस एक पिता बनने का

विक्की ने बताया कि यह समय उनके लिए कितना ख़ास है। उन्होंने बताया कि वह आने वाले बच्चे के लिए बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर डिलीवरी डेटके बारे में कुछ नहीं कहा, लेकिन उन्होंने बताया कि तारीख लगभग आ ही गई है। उन्होंने कहा, मैं वाकई इसका बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा आशीर्वाद है... रोमांचक समय, लगभग आ ही गया है, तो दुआ है। मुझे लग रहा है कि मैं घर से ही नहीं निकलने वाला हूं।

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी सी तस्वीर के साथ एक संयुक्त पोस्ट साझा की। इस जोड़े ने अपने हाथों में एक ब्लैक एंड व्हाइट पोलरॉइड तस्वीर ली हुई थी, जिसमें अभिनेत्री अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नज़र आ रही थीं। विक्की और कैटरीना दोनों ही अपने बेबी बंप को दिल की गहराइयों से देख रहे थे और अपने नन्हे मेहमान का इस दुनिया में स्वागत करने के लिए उत्सुक थे। इस पोस्ट में प्यार और गर्मजोशी साफ़ झलक रही थी, जिसे प्रशंसकों का अपार स्नेह मिल रहा था।

# 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2'



अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने कहा है कि फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के इस सीक्वल में दिखाया जाएगा कि अजय देवगन का किरदार आशीष अब आयशा के माता-पिता को अपने रिश्ते के लिए मनाने की कोशिश करता है। इस दिलचस्प कहानी को लेकर फैंस में उत्सुकता पहले से ही बढ़ गई है, और सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर जबरदस्त चर्चा हो रही है।

हालांकि इस बार तब्बू फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी, जिन्होंने पहले पार्ट में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी जगह कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। फिल्म में आर माधवन, गौतमी कपूर, मीजान जाफरी, जावेद जाफरी और इशिता दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे। खास बात यह है कि आर माधवन इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के किरदार आयशा के पिता की भूमिका निभाने जा रहे हैं, जिससे कहानी में एक नया एंगल जुड़ने की उम्मीद है। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, लव रंजन और अंकुर गर्ग का कहना है कि 'दे दे प्यार दे 2' को इस तरह बनाया गया है कि यह न केवल पहली फिल्म की यादों को ताजा करेगी, बल्कि इसमें रिश्तों और प्यार की जटिलताओं को आधुनिक अंदाज में दिखाया जाएगा।

रोमांस, ह्यूमर और इमोशन से भरपूर यह फिल्म दीवाली सीजन में दर्शकों को फिर से परिवार संग थिएटर की ओर खींचने की पूरी ताकत रखती है। फैंस अब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि अजय देवगन और रकुल प्रीत की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री इस बार क्या नया रंग दिखाएगी और 'दे दे प्यार दे 2' पहली फिल्म से कितनी आगे निकलती है। बता दें कि दे दे प्यार दे फिल्म उम्र के अंतर और प्यार की जटिलताओं को बड़े ही हल्के-फुल्के और मनोरंजक अंदाज में पेश करती है। अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की तिकड़ी ने दर्शकों को खूब हंसाया और भावनाओं से जोड़ा भी।

# आइटम सॉन्ग से करोड़ों की कमाई कर रही मलाइका , समांथा सहित ये अभिनेत्रियां



बॉलीवुड में कई सारी अभिनेत्रियां आइटम सॉन्ग के लिए जानी जाती हैं, हालांकि वो इन गानों के लिए अच्छे पैसे भी चार्ज करती हैं

सबसे पहली शुरुआत मलाइका अरोड़ा से करते हैं, तो उन्होंने कई कमाल के गाने दिए हैं. जिसमें मुन्नी बदनाम, अनारकली डिस्को चली जैसे गाने शामिल हैं. जानकारी के मुताबिक, एक्ट्रेस एक गाने के लिए 1-2 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं.

वहीं पुष्पा का पॉपुलर गाना ऊ अंटावा की बात करें, तो इस गाने में लोगों ने समांथा रुथ प्रभु को काफी पसंद किया था। जानकारी के मुताबिक, समांथा एक आइटम नंबर के लिए तकरीबन 5 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में अपना कमाल के डांस मूव्स के साथ आइटम नंबर को फेमस किया है और लोगों का दिल जीता है. बताया जाता है कि नोरा हर गाने के लिए 2 करोड़ रुपए फीस के तौर पर लेती हैं.

सनी लियोनी को उनकी अदाओं के लिए लोग काफी पसंद करते हैं। उन्होंने कई फिल्मों में आइटम नंबर किया है। सनी लियोनी हर आइटम नंबर के लिए 3 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। उन्हें बेबी डॉल, लैला मैं लैला जैसे गानों में देखा गया है।

फिल्म दबंग में फेविकोल और हलकट जवानी जैसे गानों से लोगों को फैन बनाने वाली करीना कपूर खान भी आइटम नंबर के लिए फेमस हैं। रिपोर्ट की मानें, तो करीना हर गाने के लिए 5 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं।

तमन्ना भाटिया को लेकर आइटम नंबर की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई है. उन्होंने स्त्री 2 में आज की रात से लोगों का दिल जीता था, इसके अलावा भी वो और आइटम नंबर में दिख चुकी हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस 1 से 2 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। तमन्ना भाटिया को लेकर आइटम नंबर की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई है. उन्होंने स्त्री 2 में आज की रात से लोगों का दिल जीता था, इसके अलावा भी वो और आइटम नंबर में दिख चुकी हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस 1 से 2 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं!

## संक्षिप्त समाचार

### नीलम करवरिया कप पर इलाहाबाद उत्तरी का कब्जा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उत्तर विधानसभा ने सोरांव विधानसभा को 157 रन से हराकर प्रथम नीलम करवरिया कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर शुक्रवार को खेले गये खिताबी मुकाबले टॉस हारकर इलाहाबाद उत्तरी ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 211 रन (राहुल राजपाल 62, यादवेंद्र सिंह यादव 50, त्रिपुरेश सिंह 41, अंशुमान पांडेय 23 नाबाद, हर्षित नारायण तिवारी 4/15, रंजीश कुमार 2/23, बादल कुमार 2/46) बनाकर सोरांव विधान सभा को 12.2 ओवर में 54 रन (हर्षित नारायण तिवारी 17, रितेश कुमार 11, राहुल राजपाल 3/06, प्रथम मिश्र 3/20, त्रिपुरेश सिंह 2/11) पर समेट दिया। मैच में ताहिर अब्बास व शिशिर मेहरोत्रा अंपायर एवं खुर्शीद अहमद व प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे। जाहिद अली और केबी काला ने मैच रेफरी का दायित्व निभाया।

### गेविन लार्सन दोबारा बने न्यूजीलैंड के चयन प्रबंधक

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज गेविन लार्सन एक बार फिर टीम के चयन प्रबंधक के रूप में लौट आए हैं। उन्होंने सैम वेल्स की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। लार्सन इससे पहले 2015 से 2023 तक इसी भूमिका में रह चुके हैं, जिसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के क्लब वॉरविकशायर में परफॉर्मेंस डायरेक्टर के रूप में काम किया था। 61 वर्षीय लार्सन हाल ही में बास्केटबॉल टीम नेल्सन जायंट्स से जुड़े हुए थे। अब वे न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर के साथ मिलकर न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड ए और न्यूजीलैंड XI के सभी दौरों के लिए टीम चयन की जिम्मेदारी संभालेंगे। अपनी नियुक्ति पर लार्सन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ब्लैककैप्स और राष्ट्रीय हाई परफॉर्मेंस माहौल में दोबारा वापसी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट को लेकर बेहद जुनूनी हूं और एक बार फिर सर्वोच्च स्तर पर योगदान देने का मौका मिलना बेहद रोमांचक है। मैं इस गर्मी से काम शुरू करने को लेकर उत्साहित हूं और टीम की सफलता में अपना योगदान देना चाहता हूं। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य हाई परफॉर्मेंस अधिकारी डैरिल गिब्सन ने कहा कि लार्सन का अनुभव और आधुनिक खेल की समझ उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है। उन्होंने कहा, गेविन की इस भूमिका को लेकर परिचितता और जिम्मेदारियों की गहरी समझ ने उनके चयन में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा, उनके जुनून, ऊर्जा और दोबारा योगदान देने की इच्छा ने हमें प्रभावित किया। गौरतलब है कि चयन मॉडल में कोई बदलाव नहीं किया गया है। टीम चयन पर अंतिम निर्णय मुख्य कोच रॉब वॉल्टर का ही रहेगा, जबकि लार्सन उनके साथ मिलकर काम करेंगे। लार्सन 3 नवंबर से आधिकारिक तौर पर अपना कार्यभार संभालेंगे।

सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025

# मलेशिया को 2-1 से हराकर फाइनल में पहुंचा भारत

**गुरजोत सिंह (22') ने पहला गोल किया, जबकि सौरभ आनंद कुशवाहा (48') ने विजयी गोल दागा**



**जोहोर (मलेशिया) ■ एजेंसी**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 के पूल चरण के आखिरी मुकाबले में मेज़बान मलेशिया को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। अब खिताबी मुकाबले में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की ओर से गुरजोत सिंह ने 22वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि सौरभ आनंद कुशवाहा ने 48वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल नावीनिश पनिकर ने 43वें मिनट में किया।

फाइनल में जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ उतरी भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। भारतीय फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने तेज़ी से हमले बोले और मलेशिया की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाया। हालांकि पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और स्कोर 0-0 रहा।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने मलेशिया को बैकफुट पर धकेल दिया। 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से मिली रीबाउंड पर गुरजोत सिंह ने शानदार गोल करते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। हाफ टाइम तक भारत ने इस बढ़त को बनाए रखा।

तीसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की कोशिशें तेज कीं और 43वें मिनट में नावीनिश पनिकर ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में मुकाबला रोमांचक हो गया। 48वें मिनट में सौरभ आनंद कुशवाहा ने नजदीक से गोल करते हुए भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मलेशिया ने बराबरी के लिए जोरदार हमले किए, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को बरकरार रखा और जीत पक्की की।

अब भारत का फाइनल मुकाबला 18 अक्टूबर को शाम 6.05 बजे (भारतीय समयानुसार) ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# फिट इंडिया 31 अक्टूबर से शुरू करेगा देशव्यापी 'कश्मीर से कन्याकुमारी' और 'पैडल टू प्लांट' साइकिलिंग अभियान

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का प्रमुख मिशन 'फिट इंडिया' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर से देशव्यापी दो बड़े साइकिलिंग अभियानों का आयोजन करने जा रहा है। इन अभियानों का नाम 'आयरन व्हील्स ऑफ यूनिटी' रखा गया है, जो देश की एकता, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे।

'कश्मीर टू कन्याकुमारी' साइकिलिंग अभियान 31 अक्टूबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) से शुरू होगा। यह यात्रा पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक होते हुए 16 नवंबर को कन्याकुमारी (तमिलनाडु) में समाप्त होगी। इस ऐतिहासिक यात्रा में 150 साइकिल सवार हिस्सा लेंगे, जो सरदार पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित एक अनूठा सम्मान होगा। इस अभियान का नेतृत्व प्रसिद्ध पर्वतारोही निशा कुमारी करेंगी, जिन्होंने 17 मई, 2023 को माउंट एवरेस्ट पर फतह हासिल की थी और भारत से लंदन तक साइकिल यात्रा कर 'चेंज बिफोर क्लाइमेट चेंज' का संदेश दिया था।

दूसरा अभियान पैडल टू प्लांट 4000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश के पांगसाउ से शुरू होकर असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से गुजरते हुए गुजरात के मुंद्रा में 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त होगी। यात्रा के दौरान साइकिल सवार 1 लाख पौधे लगाएंगे और विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में जलवायु परिवर्तन और फिटनेस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, मैं सभी साइकिल चालकों को शुभकामनाएं देता हूं जो फिट इंडिया आयरन व्हील्स ऑफ यूनिटी अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। यह अभियान हमारे महान स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत के नागरिक फिट और स्वस्थ रहें। यह पहल उस दृष्टिकोण को और सशक्त बनाएगी। साइकिलिंग न केवल फिटनेस के लिए लाभदायक है बल्कि प्रदूषण कम करने का भी एक प्रभावी उपाय है।

# तीन दिवसीय इंटर स्कूल कबड्डी चैम्पियनशिप का शुभारम्भ, पहले दिन आठ मुकाबले हुए



**मुरादाबाद ■ एजेंसी**

तीन दिवसीय इंटर स्कूल कबड्डी चैम्पियनशिप का शुभारम्भ शुक्रवार को टीएमयू में हुआ। प्रतियोगिता में पहले दिन कुल आठ मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में मुरादाबाद, रामपुर, संभल, गजरौला, बिजनौर, अमरोहा, बदायूं जैसे शहरों से कुल 23 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र ने खेल को स्वास्थ्य का मुलमंत्र बताया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। छात्र जीवन में खेल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बिजनौर के भगवंत पब्लिक स्कूल और मुरादाबाद के सेंट मीरा अकादमी के बीच हुआ। इसमें सेंट मीरा ने 46-21 के अंतर से जीत दर्ज की। 25 अंक के साथ सार्थक सिंह बेस्ट रेडर और 25 अंक के साथ दीपांशु शर्मा बेस्ट डीफेंडर बने। दूसरे मैच में अमरोहा के घनश्याम दास टंडन ने एसपीएस उझानी को 38-31 के अंतर से हराया। मैच में रमन पाल बेस्ट रेडर और विवेक बेस्ट डिफेंडर बने। तीसरे मैच में बिजनौर के साईं इंटरनेशनल स्कूल ने डिलारी के श्री साई पब्लिक स्कूल को 50-26 के अंतर से हराया। इसमें जगदीप बेस्ट रेडर और अनिकेत बेस्ट डिफेंडर चुने गए। चौथे मुकाबले में रामपुर के डिवाइन पब्लिक स्कूल ने काशीपुर के एमडीपी स्कूल को 32 19 के अंतर से हराया। मैच में हरपाल सिंह बेस्ट रेडर और प्रशांत बेस्ट डिफेंडर बने।

पांचवें मुकाबले में बिलासपुर के बीएमआई इंटरनेशनल स्कूल ने रामपुर के आईबीपीएस को रोमांचक मुकाबले में 38-34 से हराया। छठे मैच में बिजनौर के फादरसन स्कूल ने रामपुर के एमडीबी स्कूल को 36-33, सातवें मैच में अमरोहा के ब्लू बर्ड्स स्कूल ने मुरादाबाद के ग्रीन मिडोज को 34-23 और आठवें मैच में मुरादाबाद के एमएस पब्लिक स्कूल ने असमोली के सेंट एंथनी स्कूल को 34-26 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता में बढ़त बनाई

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### 'पीएलआई' के तहत एसी, एलईडी लाइट के लिए आवेदन की तिथि 10 नवंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एसी और एलईडी लाइट (व्हाइट गुड्स) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन की तिथि 10 नवंबर तक बढ़ा दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने व्हाइट गुड्स (एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट) के लिए पीएलआई योजना के चौथे चरण के लिए आवेदन अवधि 10 नवंबर, 2025 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय के मुताबिक पात्र आवेदक 10 नवंबर, 2025 तक व्हाइट गुड्स श्रेणी के अंतर्गत पीएलआई पोर्टल https://pliwg. dpiit.gov.in पर अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। चौथे चरण के लिए आवेदन की अवधि पहले 15 सितंबर, 2025 से 14 अक्टूबर, 2025 तक थी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि उद्योग जगत की अत्यधिक रुचि और योजना के प्रति बढ़ते निवेश रुझान को देखते हुए इसे बढ़ाया गया है। यह व्हाइट गुड्स के उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत देश में एयरकंडीशनर और एलईडी के बढ़ते घरेलू विनिर्माण के प्रति विश्वास को दर्शाता है। इस योजना के पहले के चरणों में काफी निवेश प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं, जिससे संपूर्ण मूल्य श्रंखला में विनिर्माण क्षमता में वृद्धि व रोजगार सृजन में योगदान मिला है।

### बड़े उद्यमी कर रहे एमएसएमई नीति का दुरुपयोग, सरकार कसे शिकंजा

**नई दिल्ली।** ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स का मामला पकड़ में आने के बाद यह सामने आया कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति (2012) में छोटे व्यवसायों को समर्थन और प्रोत्साहन देने के लिए बनाए गए नियमों का उल्लंघन बड़े कॉरपोरेट घराने कर रहे हैं। लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों ने धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का सरकार से आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि 2012 में घोषित नीति के तहत यह प्रावधान किया गया था सभी प्रकार की सरकारी खरीद में कम से कम 25 फीसदी एमएसमई के लिए आरक्षित रखा जाए। ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग नामक कंपनी ने इस योजना का बेजा लाभ उठाया। इस कंपनी ने कथित तौर पर झूठी घोषणाओं और रणनीतिक कॉरपोरेट पुनर्गठन के माध्यम से एमएसएमई योजना के तहत खूब लाभ उठाए हैं। पहले यह कंपनी एक साझेदारी फर्म के रूप में काम कर रही थी और फिर अप्रैल, 2021 में ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड में परिवर्तित हो गई। इस परिवर्तन के दौरान इसने अपने कारोबार और निवेश विवरण के बारे में गलत जानकारी देकर 卐सूक्ष्म उद्यम卐 श्रेणी के अंतर्गत पंजीकरण करा लिया। बाद में जांच में पाया गया कि कंपनी ने जिन वर्षों के वित्तीय आंकड़े बताए थे, उन वर्षों में वह निगमित भी नहीं थी और उसने सूक्ष्म उद्यम होने के लिए जानबूझकर शून्य कारोबार दिखाया था।

# दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति में सुधार के लिए कदम उठा रही है सरकार : गोयल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**




केंद्रीय वणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति में सुधार के उपायों पर काम कर रही है, जिसमें चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत, घरेलू अन्वेषण को बढ़ावा देना और रीसाइक्लिंग एवं प्रसंस्करण में स्टार्टअप्स को शामिल करना शामिल है।

केंद्रीय वणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने राजधानी नई दिल्ली में एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसोचैम) के सालाना सम्मेलन और 105वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि व्यापारिक साझेदारियां संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी हों। गोयल ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि हाल के वर्षों में भारत में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अब वह मजबूत स्थिति में बातचीत करता है, जो देश के बढ़ते आर्थिक आत्मविश्वास और मुक्त व्यापार समझौतों एवं अन्य व्यापारिक व्यवस्थाओं के प्रति भारत के दृष्टिकोण के संदर्भ में वैश्विक स्तर पर उसकी प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

उन्होंने एमएसएमई को सशक्त बनाने और नवाचार एवं स्थिरता को बढ़ावा देने में एसोचैम की भूमिका पर भी जोर दिया, जो 2047 के विकासशील भारत के लिए आवश्यक है। गोयल ने कहा कि तांबा, लिथियम, निकल और कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से लेकर लड़ाकू विमान तक कई उद्योगों के लिए जरूरी कच्चा माल हैं। ये खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी विनिर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। चिली, पेरू और ऑस्ट्रेलिया में इन खनिजों के भंडार मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौता लागू हो चुका है। दक्षिण अमेरिकी देशों चिली एवं पेरू के साथ भी बातचीत जारी है। भारतीय टीम अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए इन देशों का दौरा कर रही है। उन्होंने कहा कि चिली एवं पेरू जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ व्यापार समझौते की कोशिशों के पीछे दुर्लभ खनिजों की अहम भूमिका है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मॉरीशस, ईएफटीए समूह और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए भारत के निर्यात को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार 10,000 करोड़ रुपये की 'कोषों का कोष' योजना के लिए दिशा-निर्देश तैयार कर रही है, जो स्टार्टअप फर्मों के लिए लंबी अवधि की वित्तीय सहायता पर केंद्रित है।

गोयल ने कहा कि भारत घरेलू खोज बढ़ाने, अवशिष्ट से खनिज निकालने वाले स्टार्टअप और देश में प्रसंस्करण सुविधाओं के निर्माण पर भी विचार कर रहा है। वाणिज्य मंत्री ने उद्योग को आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की सलाह देते हुए कहा, हमें अपने आपूर्ति शृंखलाओं का मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या वे किसी एक देश पर अधिक निर्भर हैं। यदि निर्भर हैं, तो हम कमजोर हो सकते हैं, खासकर उस समय जब व्यापार को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका इशारा चीन की तरफ था जिसने दुर्लभ खनिज तत्वों के निर्यात पर बंदिशें लगा दी हैं, जिससे दुनिया भर में इन खनिजों की आपूर्ति बाधित हो रही है।

उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक दृष्टिकोण भारत को अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करने, निर्यात को बढ़ावा देने और निवेश एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के अवसर पैदा करने में सक्षम बनाता है, साथ ही ऐसे समझौतों से बचने में भी मदद करता है जो भारत की कीमत पर दूसरे पक्ष को अत्यधिक लाभ पहुंचा सकते हैं। मंत्री ने बताया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 700 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ मज़बूत बना हुआ है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की मज़बूत बुनियाद को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हर लिहाज से भारत के लोग, व्यवसाय और उद्योग मिलकर एक नई गतिशीलता, उत्साह और आत्मविश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कुछ साल पहले तक देखने को नहीं मिला था।

## सीतारमण ने बल्लारी में कर्नाटक ग्रामीण बैंक के व्यावसायिक प्रदर्शन की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कर्नाटक के बेल्लारी में कर्नाटक ग्रामीण बैंक (केएजीबी) के व्यावसायिक प्रदर्शन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने केएजीबी को अर्थव्यवस्था के उभरते क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए जमीनी स्तर पर कृषि ऋण वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की सलाह दी। सीतारमण ने सभी हितधारकों को क्षेत्र में संबद्ध कृषि गतिविधियों की क्षमता का दोहन करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया। डीएफएस सचिव एम नागराजू, नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी, केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक और वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वित्त मंत्री ने समीक्षा के दौरान ऋण वितरण वृद्धि, एनपीए, वित्तीय समावेशन के तहत प्रदर्शन और केएजीबी की सरकार की प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन सहित प्रमुख संकेतकों का मूल्यांकन किया। केएजीबी और केनरा बैंक को विशेष रूप से एमएसएमई और संबद्ध क्षेत्र को ऋण वितरण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के विभागों के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया गया। सीतारमण ने ग्रामीण बैंकों से आग्रह किया कि वे अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ एफपीओ की पूंजीगत ज़रूरतें विकास वित्तीय संस्थानों और सरकारी विभागों द्वारा पूरी की जाती हैं। कार्यशील पूंजी की ज़रूरतें बैंकों द्वारा पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण बैंकों को किसान उत्पादक संगठनों की सुविधा और मांग के अनुसार अपने उत्पादों और सेवाओं को उन्नत करना चाहिए। इससे बैंक और एफपीओ, पारस्परिक लाभ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सतत विकास के लिए अपने संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। सीतारमण ने यह भी कहा कि कई कंपनियां डेटा सेंटर जैसी अपनी सेवाएं टियर-1 से टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थानांतरित कर रही हैं। ग्रामीण बैंक अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए ऐसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर

**मुंबई ■ एजेंसी**



अर्थव्यस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27.6 करोड़ डॉलर घटकर 699.96 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.60 अरब डॉलर घटकर 572.10 अरब डॉलर रह गईं। आरबीआई के मुताबिक इस दौरान देश का स्वर्ण भंडार 3.59 अरब डॉलर बढ़कर 102.36 अरब डॉलर हो गया।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13 करोड़ डॉलर घटकर 18.684 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के मुताबिक 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का आरक्षित भंडार 3.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गया।

# प्रदूषण और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भागीदारी आवश्यक है : डॉ. पीके विश्वास

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल की संयुक्त मासिक व्याख्यानमाला होटल विज्ञापश्री में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमए अध्यक्ष श्री राजेश तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत गिरीश मंगलानी द्वारा लिखित पुस्तक क्लैप के विमोचन से हुई प्रोफेसर डॉ पी के विश्वास ने जीवन के सतत विकास ओर पृथ्वी पर व्याख्यान प्रस्तुत किया ओर वर्तमान प्रदूषण पर्यावरण एवं हो प्राकृतिक विपत्तियां के कारण ओर इससे बचाव पर विस्तार से अवगत कराया ओर कहा कि इससे सुरक्षित रखने में जनभागीदारी भी आवश्यक हैं इस व्याख्यान पीपीटी के माध्यम से सभी उपस्थित सदस्यों ने ज्ञान अर्जित किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन आर जी द्विवेदी ने किया इस अवसर पर रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल के सदस्य एवम बीएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ महेश शुक्ला सुनील भार्गव उपाध्यक्ष एन के छिब्बर विश्वास घुसे आर जी द्विवेदी जी के छिब्बर शैलेंद्र ओझा श्रीकांत फाटक पलाश सुरजन एवम 50 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह ने धमदाहा में भरा नामांकन

**पूर्णिया।** धमदाहा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करते हुए वर्तमान विधायक शंकर सिंह ने आत्मविश्वास से कहा कि इस बार वे पहले से कहीं अधिक मतों से चुनाव जीतेंगे और जनता भगवान के हर अरमान को पूरा करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 14 महीनों के अपने कार्यकाल में उन्होंने विकास के जो कार्य किए, वह बीते 24 वर्षों पर भारी पड़े हैं। उनका दावा था कि ऐसा कोई गांव या इलाका नहीं है, जहां उन्होंने विकास की नींव न डाली हो, और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद फिर से मिला, तो वे रुपौली को विकास के रास्ते पर ऐसा ले जाएंगे कि यह इलाका स्वर्ग बन जाएगा। पांच साल का कार्यकाल उन्हें क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त लगेगा। नामांकन के मौके पर ढोल-नगाड़ों और भारी जनसमर्थन के साथ पहुंचे शंकर सिंह का रोड शो चुनावी ताकत के प्रदर्शन में बदल गया, जिसमें हजारों की संख्या में समर्थकों की उपस्थिति ने माहौल को पूरी तरह चुनावी रंग में रंग दिया।

### रक्सौल स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में 466 बोतल नेपाली शराब जब्त



**पूर्वी चंपारण।** दीपावली, छठ पर्व और बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ने रक्सौल रेलवे स्टेशन पर एक बड़ी कार्रवाई की। निरीक्षक अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्लेटफार्म संख्या-01 पर पहुंची गाड़ी संख्या 75215 की जांच के दौरान सामान्य कोच संख्या श्वष्टक्र158047 के सीट के नीचे चार प्लास्टिक की बोरियों में लावारिस हालत में नेपाल निर्मित 'कस्तूरी नींबू फ्रेश' देशी शराब बरामद की गई। पूछताछ के बावजूद किसी यात्री ने शराब से संबंधित जानकारी नहीं दी। तलाशी में चारों बोरियों से कुल 466 बोतल (प्रत्येक 300 एमएल) शराब मिली, जिसकी नेपाली मूल्य लगभग 23,300 रुपये आंकी गई। बरामद शराब को जब्त कर राजकीय रेल थाना रक्सौल को सुपुर्द किया गया, जहां इस संबंध में कांड संख्या 36/2025 दिनांक 17.10.2025 दर्ज कर बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध संशोधन अधिनियम 2022 की धारा 30(A) के तहत मामला पंजीकृत किया गया। मामले की जांच पीएसआई अनमोल कुमार को सौंपी गई है।

### रुपौली में सामाजिक समरसता की बहाली मेरी प्राथमिकता: मंडल

**पूर्णिया।** रुपौली विधानसभा सीट से जदयू के प्रत्याशी कलाधर मंडल ने धमदाहा में नामांकन पत्र आज दाखिल करने के बाद स्पष्ट किया कि चुनाव जीतने के बाद समाज में टूट चुकी सामाजिक समरसता को बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 3 दशकों में रुपौली में सामाजिक सौहार्द में दरार आई है, जिसे मिटाकर आपसी भाईचारे को मजबूत बनाना उनका लक्ष्य है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उन पर दोबारा विश्वास जताकर जदयू का उम्मीदवार बनाया जाना उनके लिए गर्व की बात है और वे पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं जैसे बेरोजगारी, पलायन और हर वर्ष आने वाली बाढ़ पर उन्होंने विशेष फोकस देने की बात कही। उन्होंने वादा किया कि रुपौली प्रखंड के विजय लालगंज से कुरसेला तक रिंग बांध निर्माण के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे, जो आज तक नहीं हो सका है। उन्होंने पूर्व विधायक बीमा भारती पर इशारों में कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि वे चाहतीं तो इतने वर्षों में यह कार्य हो चुका होता। वहीं जन सूराज पार्टी से हो रही टक्कर के सवाल पर उन्होंने आत्मविश्वास से कहा कि जनता का भरपूर समर्थन उन्हें प्राप्त है और वे भारी मतों से विजय प्राप्त कर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

### धमदाहा विधानसभा से लेशी सिंह ने नामांकन दाखिल किया

**पूर्णिया।** धमदाहा विधानसभा (61) सीट से एनडीए समर्थित जनता दल (यूनाइटेड) की प्रत्याशी और राज्य सरकार की मंत्री लेशी सिंह ने शुक्रवार को भारी जनसमर्थन और सम्मानित जनता के अटूट विश्वास के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनसेवा की उस पवित्र यात्रा का अगला चरण है, जिसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव से लगातार आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने जनता के विश्वास और आशीर्वाद के लिए आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता की धारा को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। नामांकन के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तरैया विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में की सभा

# बिहार में राजग गठबंधन की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी

पटना ■ एजेंसी

बिहार में चुनाव सरगर्मी के बीच रैलियों और जनसभाओं का सिलसिला भी अब शुरु हो चुका है। तमाम दलों के नेता अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी शुक्रवार को सारण जिले के तरैया विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जनक सिंह के पक्ष में चुनावी सभा की। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस बार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रचार की शुरुआत सारण से होती है, उसमें हमेशा विजय ही विजय मिलती है। यदि लालू यादव के जंगलराज के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेना है और पूरे बिहार के युवाओं को 20 साल पहले लालू-राबड़ी द्वारा बनाई गई स्थिति याद दिलानी है, तो इसके लिए सारण-छपरा से अधिक उचित स्थान कोई नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राज्य की आम जनता तक सरकार की उपलब्धियों और संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। अमित शाह ने कहा कि हम बिहार में नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में लड़ रहे हैं और देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। इस बार हमें चार-चार दीपावली मनाने का मौका मिल रहा है। पहली दीपावली जब प्रभु श्री राम वनवास से अयोध्या लौटे थे। वह कुछ दिनों के बाद आने वाली है। दूसरी दीपावली समाप्त हो गई, जब बिहार की हर जीविका दीदी के अकाउंट में नीतीश जी और मोदी जी ने 10-10 हजार रुपये भेजे हैं। छठी मैया की पूजा और दीपावली के दिन बिहार के माता-बहनों के खाते खाली नहीं रहेगा। तीसरी दीपावली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सुधार के साथ जब 395 चीजों के दाम कम कर दिए गए और चौथी दीपावली 14 नवम्बर को बनेगी, जब रिकॉर्ड मतों के साथ बिहार में राजग की सरकार बनेगी और लालू-राहुल का सूपड़ा साफ हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि राजग की सरकार राज्य के 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को मुफ्त बिजली दे रही है। वृद्धा पेंशन तीन गुना बढ़ाया गया है। अब बिहार में कहीं जाने में 5 घंटे से ज्यादा का समय नहीं लगता। पहले बिहार में अपहरण और फिरौती की इंडस्ट्री चलती थी। अब बिहार में सड़क और उद्योग लगाने का काम राजग की सरकार कर रही है। अमित शाह ने कहा कि 550 साल तक रामलला अपनी जन्मभूमि पर एक झोपड़ी में विराजमान थे। जब मंदिर बनाने की बात उठी, तो कांग्रेस और उनके साथी दलों ने विरोध किया। नरेन्द्र मोदी जी ने 2019 में राम मंदिर का भूमि पूजन किया और प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर का भव्य निर्माण पूर्ण कराया। बिहार में भी सीतामढ़ी के पुनौराधाम में माता सीता का भव्य मंदिर बन रहा है। इससे पहले अमित शाह ने आज पटना के अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में नीतीश कुमार से मुलाकात की। करीब 18 मिनट तक दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई।

इसके बाद अमित शाह एयरपोर्ट रवाना हो गए। यहां से वह छपरा के तरैया पहुंचे और इस जनसभा को संबोधित किया।



### नीतीश के नेतृत्व में ऐतिहासिक बहुमत से राजग सरकार की वापसी तय : कुशवाहा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल एवं सक्षम नेतृत्व में वर्ष 2010 से भी बड़े बहुमत के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की पुनर्वापसी तय है, जबकि तथाकथित महागठबंधन अंदरूनी मतभेदों के कारण खंड-खंड में बंटा हुआ है और किसी भी स्तर पर राजनीतिक चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को बयान जारी कर ये बातें कही। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जागरूक जनता झूठ, छल और दुष्प्रचार की राजनीति को पूर्णत: खारिज कर चुकी है और विकास, सुशासन तथा सामाजिक न्याय की ठोस नीति के आधार पर राजग को प्रचंड जनादेश देने के लिए संकल्पबद्ध है। महागठबंधन नकारात्मकता और भ्रम फैलाकर सत्ता में आने का चाहे जितना भी प्रयास कर ले, लेकिन उनकी यह आकांक्षा अंतत: एक मृगतृष्णा ही साबित होगी। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने कानून का शासन स्थापित कर बिहार को 'जंगलराज' की दहशत और अराजकता से मुक्ति दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इसके बावजूद, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और तथाकथित महागठबंधन के दल राज्य को पुन: उसी भयावह दौर में धकेलने की कुत्सित कोशिश कर रहे हैं, किन्तु जनता अब उनके मंसूबों को भली-भांति समझ चुकी है और 'जंगलराज' की मानसिकता से ग्रसित किसी को भी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी।

# बिहार में डबल इंजन की सरकार विकसित भारत के सपने को कर रही है साकार : पुष्कर धामी

गोरियाकोठी में भाजपा उम्मीदवार देवेशकांत के समर्थन में पुष्कर धामी ने की जनसभा

केशव प्रसाद मौर्य ने की भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील



पटना ■ एजेंसी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को बिहार में सिवान जिले के गोरियाकोठी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार देवेशकांत सिंह के समर्थन में आयोजित नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित किया।उनके साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी थे। दोनों नेताओं से जनता से बाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने की अपील की।

धामी ने सभा को संबोधितकरते हुए कहा कि देवेशकांत सिंह ने विधायक रहते हुए इस क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। जनता के जोश और उत्साह को देखकर यह स्पष्ट है कि इस बार भी देवेशकांत जी पिछली बार की तुलना में और अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार ने बिहार में अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। आज बिहार के हर जिले में विकास की गति दिखाई दे रही है। सड़कों से लेकर रेल सेवाओं तक हर क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत की है और रेल बजट में भी अभूतपूर्व वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण और अंत्योदय के लक्ष्य को साकार करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आज बिहार के हर घर में बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा पहुंची है। कांग्रेस के समय में सिर्फ 'गरीबी हटाओ' के नारे दिए जाते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुत्थान का कार्य भी निरंतर जारी है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और श्री केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने उत्तराखंड में किए गए सुधारात्मक निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां यूसीसी लागू की गई है। राज्य में 'लव जिहाद', 'लैंड जिहाद' और अवैध मदरसों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 'ऑपरेशन कालनेमि' चलाकर पाखंडियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। राजद 0और कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए पुष्कर धामी ने कहा कि ऐसी पार्टियां तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति में लिप्त हैं। लालू परिवार ने भ्रष्टाचार में कांग्रेस को भी पीछे छोड़ दिया है। चारा घोटाला हो या आईआरसीटीसी घोटाला, पूरा परिवार इसमें संलिप्त पाया गया है।

### फारबिसगंज से भाजपा प्रत्याशी विद्यासागर केशरी ने किया नामांकन दाखिल



**फारबिसगंज/अररिया।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी विद्यासागर केशरी ने आज फारबिसगंज विधानसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था मुस्तैद दिखी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने और प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

## बिहार विधानसभा चुनाव: जदयू ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

पटना ■ एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने शुक्रवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें में राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। ये सभी स्टार प्रचारक बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट मांगेंगे।

जनता दल यूनाइटेड की स्टार प्रचारकों की सूची में सबसे पहला नाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का है, जो एक बार फिर से बिहार चुनाव में मतदाताओं को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में गोलबंद करने की कोशिश करेंगे। लिस्ट में दूसरा नाम राज्यसभा सासंद और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा का है। इनके अलावा ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, उमेश कुशवाहा समेत अन्य जेडीयू नेताओं के नाम शामिल हैं। ये सभी जनता दल यूनाइटेड के नेता बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर राजग उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।



**जदयू की 40 स्टार प्रचारकों की सूची**

| | |
|---|---|
| 1- नीतीश कुमार, | 21-डॉ. अलोक कुमार सुमज |
| 2- संजय कुमार झा | 22-सुनीत कुमार |
| 3-राजीव रंजन सिंह ललन सिंह | 23-मदन सहनी |
| 4- रामनाथ ठाकुर | 24-रत्नेश सदा |
| 5- विजेन्द्र प्रसाद यादव | 25-ललन कुमार सर्राफ |
| 6- उमेश सिंह कुशवाहा | 26-संजय सिंह |
| 7- विजय कुमार चौधरी | 27-गीरज कुमार |
| 8- अशोक चौधरी | 28-ई0 सुजीत कुमार |
| 9- श्रवण कुमार | 29-खालिद अनवर |
| 10-मनीष कुमार वर्मा | 30-स्वीन्ट प्रसाद सिंह |
| 11-आफाक अहमद स्वाल | 31-रीना यादव |
| 12-सस्यु राय | 32-चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी |
| 13-कौशलेन्द्र कुमार | 33-कविता सिंह |
| 14-देवेशचन्द्र ठाकुर | 34-कहकशां परवीन |
| 15-दिलेश्वर कामत | 35-राम कुमार शर्मा |
| 16-दिनेश चन्द्र यादव | 36-रमेश कुशवाहा |
| 17-हर्षवर्धन सिंह | 37-मो0 नेमतुल्लाह |
| 18-अरुण कुमार | 38-चन्दन कुमार सिंह |
| 19-लवली आनंद | 39-भारती मेहता |
| 20-समधीत मंडल | 40-डॉ. श्वेता विश्वास |

## अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी में बरेका मंडप ने बिखेरी तकनीकी नवाचार की आभा

नई दिल्ली ■ एजेंसी



एशिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई-2025) के 16वें संस्करण का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। 15 से 17 अक्टूबर तक चले इस तीन दिवसीय आयोजन में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के तकनीकी कौशल, स्वदेशी नवाचारों और हरित समाधानों की अद्भुत प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

प्रदर्शनी के दौरान रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार ने बरेका मंडप का विस्तृत अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित अत्याधुनिक लोकोमोटिव तकनीकों एवं उनमें प्रयुक्त होने वाले स्वदेशी उपकरणों की सराहना करते हुए कहा कि बरेका मंडप भारतीय रेल की तकनीकी आत्मनिर्भरता और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां प्रदर्शित अमृत भारत एवं एरोडायनेमिक लोको भारतीय रेलवे के स्वर्णिम भविष्य की झलक देती हैं। इस अवसर पर बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने अध्यक्ष और सीईओ, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार को पुष्पगुच्छ प्रदान कर हार्दिक स्वागत किया और स्मृति स्वरूप लोको मॉडल भेंट भी किया। सतीश कुमार ने 'अमृत भारत पुश-पुल तकनीक, डब्ल्यूएजी-9, डब्ल्यूएपी-7, तथा बरेका द्वारा डिज़ाइन की गई ऐरोडायनेमिक डब्ल्यूएपी-7 लोकोमोटिव' का अवलोकन किया और इन्हें 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अनुरूप भारतीय रेल की सतत प्रगति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश, मोज़ाम्बिक सहित 11 देशों को निर्यातित इंजन भारत की वैश्विक तकनीकी विश्वसनीयता और बरेका की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का जीवंत प्रमाण हैं। बरेका मंडप के भीतर रनिंग एवं स्टेटिक लोको मॉडल तथा डिजिटल डिस्प्ले द्वारा लघु फिल्मों का इंटरएक्टिव प्रस्तुतीकरण से बरेका की रेल परियोजनाओं और नवाचारों को इतने प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया कि आगंतुक अभिभूत हुए बिना नहीं रह सके। बरेका महाप्रबंधक ने इस अवसर पर बरेका टीम की सराहना करते हुए कहा कि आईआरईई-2025 में बरेका मंडप ने तकनीकी उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठ नवाचार को जिस सौंदर्य के साथ प्रस्तुत किया गया है, वह टीम भावना और समर्पण के प्रति हमारी अटूट निष्ठा का परिणाम है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत कालोनी विश्व बैंक परियोजना जसवाड़ी रोड़ खण्डवा में स्थित भवन/भूखण्ड कमांक EWS-272 मंडल द्वारा श्री मुकेश चौहान पिता श्री खुमानसिंह चौहान के नाम नामांतरित है। उक्त संपत्ति का विकय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 05/01/2016 को पंजीकृत है। श्री मुकेश चौहान से उक्त संपत्ति श्री पंकज पटेल पिता श्री लिमड़ाजी पटेल ने कय कर विकय विलेख का पंजीयन दिनांक 04/03/2025 को अपने पक्ष में करा लिया है।

केता/विकेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र/विकय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री पंकज पटेल पिता श्री लिमड़ाजी पटेल की ओर हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल
संभाग खण्डवा

**कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत प्रवेश (Institutional Preference Seats) सत्र 2025-26**

संस्थागत प्राथमिकता सीटों (Institutional Preference Seats) के लिये काउंसलिंग उन संस्थानों में आयोजित होगी, जिन्होंने इन सीटों के लिये सहमति पत्र के साथ आवेदन किया था। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत PCI द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत स्थानों तक ही प्रवेश की कार्यवाही निम्न समय सारणी अनुसार की जावेगी।

| पाठ्यक्रम | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | काउंसलिंग तिथि |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ फार्मेसी एवं डिप्लोमा ऑफ फार्मेसी (Bachelor of Pharmacy and Diploma of Pharmacy) | 18.10.2025 से 22.10.2025 सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 22.10.2025 रात्रि 11:45 तक |
| | 28.10.2025 से 30.10.2025 सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 30.10.2025 रात्रि 11:45 तक |

- संस्थागत प्राथमिकता सीटों पर प्रवेश के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात, उम्मीदवार को इच्छित संस्था में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही करनी होगी।
- संस्थागत प्राथमिकता सीटों के लिये उपलब्ध संस्थानों की सूची, प्रवेशित अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शिक्षण शुल्क की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- प्रवेश नियम, समय-सारणी, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- काउंसलिंग वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441**
- **ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/122613/2025

**अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**

*चुनाव आयोग ने एमडीसीईआई की बैठक आयोजित की*

## प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक में चुनाव आयोग का आर्थिक अपराधों के खिलाफ प्रभावी समन्वय पर जोर

*नई दिल्ली ■ एजेंसी*



*चुनाव आयोग ने शुक्रवार को निर्वाचन सदन में चुनाव खुफिया विभाग की बहु-विभागीय समिति (एमडीसीईआई) की बैठक आयोजित कर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों को आगामी चुनावों के दौरान सक्रिय और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग 'शून्य-सहिष्णुता' की नीति पर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराधों और चुनावों में धनबल के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान और आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है। आयोग ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर एजेंसियों के बीच बेहतर अंतर-एजेंसी समन्वय पर ज़ोर देते हुए निर्देश दिया कि तस्करी, नशीले पदार्थों, शराब, नकदी और नकली मुद्रा के अवैध परिवहन पर रोक के लिए निर्वाचन क्षेत्रों का मानचित्रण किया जाए।*

*बैठक में सीबीडीटी, सीबीआईसी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), आर्थिक खुफिया ब्यूरो (सीईआईबी), वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू-आईएनडी), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय बैंक संघ (आईबीए), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सीआईएसएफ, एसएसबी, एएआई, बीसीएएस और डाक विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए।*


*बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी बैठक में ऑनलाइन जुड़े। सभी एजेंसियों ने आयोग को अपनी तैयारियों और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी, जिससे चुनावों में नकदी और अन्य प्रलोभनों के प्रभाव को समाप्त किया जा सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रलोभन-मुक्त और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक समन्वित और प्रभावी रणनीति तैयार करना था।*

# नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-15 टीम के लिए चयन ट्रायल कल

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ बालक वर्ग की अंडर-15 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित करने जा रहा है। सचिव मनोहर बिलथरिया ने बताया कि ट्रायल 19 अक्टूबर, 2025 को एमपीसीए ग्राउंड, नर्मदापुरम में आयोजित किया जाएगा।

चयन प्रक्रिया में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 01 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच हुआ हो। सभी इच्छुक खिलाडि़यों का पंजीयन प्रात: 8:30 बजे से शुरू होगा। खिलाडि़यों को अपने साथ डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। मनोहर बिलथरिया, सचिव, नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ ने सभी पात्र खिलाडि़यों से निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।



## गुरु के राशि परिवर्तन से बारिश के योग

# धन त्रयोदशी को रात्रि में गुरु मिथुन राशि से कर्क राशि में प्रवेश करेंगे

### धर्म कर्म के ग्रह गुरु बदलेंगे राशि, मौसम पर पड़ेगा प्रभाव

भोपाल ■ निसं

धनु एवं मीन राशि के स्वामी गुरु राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं अध्यात्म शिक्षा धर्म कर्म के कारक ग्रह गुरु मिथुन राशि छोड़कर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे । ज्योतिष मठ संस्थान के पंचांगकार पंडित विनोद गौतम ने बताया कि रविवार को रात्रि 11:50 पर गुरु ग्रह व्यापारिक राशि मिथुन को छोड़कर चंद्रमा की राशि कर्क में प्रवेश करेंगे ,जिससे



मौसम में बदलाव होगा, तथा बारिश के योग बनेंगे साथ ही गुरु के व्यापारिक राशि को छोड़ने से व्यापार में असमंजस की स्थिति बनेगी ।पीली धातु में सोना आदि में महंगाई और अधिक बढ़ने के संकेत हैं। चंद्र प्रधान राशि कर्क में गुरु के जाने से आगामी एक हफ्ते तक बारिश के योग रहेंगे गुरु का राशि परिवर्तन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विशेष सफलता कारी है साथ ही धर्म-कर्म के मामलों में विशेष लाभकारी रहेंगे ।कर्क राशि में गुरु आगामी लगभग 1 वर्ष तक भ्रमण रत रहेंगे कर्क राशि जलीय राशि है अत: वर्ष भर रुक-रुक कर बारिश के योग बने रहेंगे ,जिससे इस वर्ष ठंडी में कमी आएगी अत: ठंडी से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### गुरु के राशि परिवर्तन से राशियों पर भी प्रभाव पड़ेगा

**मेष** -पदोन्नति दूरस्थ यात्रा घरेलू चिंता
**वृषभ** -मित्र मिलन यात्रा बेवजह विवाद
मिथुन -व्यर्थ खर्च नया विचार चिंता
**कर्क**- सफलता मित्र मिलन यात्रा कष्ट
**सिंह** -साझेदारी में विवाद तनाव
**कन्या**- लाभ मित्र में मतभेद चिंता
**तुला** -अतिथि आगमन घरेलू मतभेद
वृश्चिक- वाहन लाभ शुभ समाचार
**धनु** -पदोन्नति लाभ मित्र सुख यात्रा
**मकर**- मित्र मिलन सफलता भाई सुख
**कुंभ**- तीर्थ यात्रा मित्र लाभ यश प्रताप
**मीन** -पारिवारिक मतभेद स्थानांतरण

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ नवनियुक्त कांग्रेस के जिला संगठन प्रभारी का स्वागत

**इटारसी।** जिला कांग्रेस कार्यालय इटारसी में जिला कांग्रेस प्रभारी ओम पटेल एवं वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के जिला प्रभारी नवनीत मालवीय ने आगामी रणनीति तय करने हेतु एक आवश्यक बैठक ली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पांडेय ने जिले में चल रही कांग्रेस के कार्यों की गतिविधि की विस्तार से जानकारी नवयुक्त जिला कांग्रेस प्रभारी ओम पटेल को दी। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने तथा आभार प्रदर्शन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवि किशोर जायसवाल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महिला कांग्रेस सदस्यों की उपस्थिति रही।

### त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की जांच का अभियान जारी

**नर्मदापुरम।** अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया आकिप खान द्वस के निर्देशन में तहसीलदार वैभव बैरागी के साथ खाद्य सुरक्षा प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा एवं कमलेश दियाबार के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें मालवा डेरी पर चार संदिग्ध बोरे और सपना स्वीट्स के यहां तीन संदिग्ध बोरे पाए गए। संबंधित जांच दल द्वारा उनका निरीक्षण किया गया, तो रिफाइंड पामोलिन ऑयल एवं वनस्पति से निर्मित खोवा बेस्ड स्वीट्स एवं हलवा श्रीजी ब्रांड पैक अवस्था में पाया गया।

## भारतीय जनता पार्टी व्दारा सरदार 150 यूनिटी मार्च अभियान के अंतर्गत

# युवा नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के लिए जिले भर में निकलेगी पदयात्राएं - सांसद दर्शन सिंह

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

भारतीय जनता पार्टी व्दारा सरदार 150 यूनिटी मार्च अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। नर्मदापुरम जिले में यह पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाएंगी। जनता कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को सशक्त करना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, सामाजिक चेतना बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगा। विशेष रूप से अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं को इस यात्रा का केंद्र बिंदु बनाया गया है। इस अभियान में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार 150 यंग लीडर्स प्रोग्रामजैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। चयनित 150 युवा नेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लेने का अवसर मिलेगा।




### सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वी जयंती पर पदयात्रा की तैयारी की बैठक सांसद कार्यालय में संपन्न

सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वी जयंती पर पदयात्रा से पूर्व आयोजित होने वाली तैयारी प्रचारात्मक गतिविधियों को करने हेतु सासंद कार्यालय नर्मदापुरम में जिला एवं मंडल टोली की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नर्मदापुरम विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, निर्भय सिंह राजपूत, प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल, जिला महामंत्री ज्योति चौरे, जिला उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी, जिला मंत्री जितेन्द्र चौहान, रीता ठाकुर, स्रमाट तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, सह कार्यालय मंत्री वंदना दुबे, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला जिला पंचायत सदस्य सीमा कास्दे, अभियान जिला सह संयोजक दीपक महालहा, गुलाब बैंकर, सोशल मीडिया सह प्रभारी राहुल ठाकुर मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, रूपेश राजपूत, गोकुल पटेल, मयंक महतो, मनीष चतुर्वेदी, विनय यादव, विपिन यादव आदि, सहित जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियान में जिला स्तरीय और राष्ट्रीय पदयात्राएं शामिल हैं। 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक होने वाली जिला स्तरीय यात्राओं में तीन दिन तक 8-10 किलोमीटर की पैदल यात्राएं होंगी। स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजन होंगे। युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, स्वदेशी संकल्प, योग शिविर, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक 152 किमी की पदयात्रा निकाली जाएगी। मार्ग के 150 पड़ावों पर सरदार पटेल के जीवन, एकता और विविधता पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रत्येक शाम सरदार गाथा कार्यक्रम में उनके जीवन और योगदान पर चर्चा होगी।

सांसद श्री चौधरी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय एकता अभियान में भाग लेकर सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करें। पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, अभियान जिला सह संयोजक दीपक महालहा, गुलाब बैंकर, सोशल मीडिया सह प्रभारी राहुल ठाकुर सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस ने शिक्षकों व छात्रों को दी सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण




नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश शासन एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (ष्टक्कक्र) जागरूकता अभियान सप्ताह का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर 2025 को पं. रामलाल शर्मा स्मृति स्कूल, नर्मदापुरम में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अरुण शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 60 प्रतिभागियों-शिक्षकों एवं छात्रों-ने भाग लिया।

कार्यक्रम में डॉ. राजेश माहेश्वरी, चिकित्सक, जिला अस्पताल नर्मदापुरम ने आकस्मिक दुर्घटना में घायल या बेहोश व्यक्ति की जान बचाने हेतु सीपीआर की सरल एवं प्रभावी तकनीक का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि आपातकालीन स्थिति में समय पर सीपीआर देकर किसी की भी जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर चेयरमैन अरुण शर्मा, विद्यालय प्राचार्य मिश्रा, निशा चौबे, मुकेश श्रीवास्तव, उदित द्विवेदी, शेरसिंह बड़कुर सहित जिला रेडक्रॉस के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नपा कार्यालय में चला स्वच्छता अभियान

# नपाध्यक्ष नीतू यादव और सीएमओ सहित अधिकारी कर्मचारियों ने की अपने-अपने कक्ष की सफाई

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नगरपालिका कार्यालय में आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्रीगण अंबक पाराशर, आयुषी रिछारिया, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, एआरआई, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, कमलेश तिवारी, संजय लुटारे, विशाल शर्मा, सतीष यादव सहित समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने केबिन से झाडू लगाकर धूल साफ की गई। कार्यालय में चलाए गए स्वच्छता अभियान का निरीक्षण मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले द्वारा किया गया तथा रिकार्ड दुरुस्त रखने, पुराने रिकार्ड का उचित प्रबंधन करने और प्रतिदिन अपने आसपास स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।



इस अवसर पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर समूचे देश में चलाया गया स्वच्छ भारत अभियान अब आंदोलन बन चुका है। लोगों की दिनचर्या में स्वच्छता बस रही है। इसलिए हमने समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कर आज नपा कार्यालय में साफ सफाई कराई। सभी ने अपने अपने बैठने के कक्षों, चैंबर्स को साफ किया। उन्होंने सभी नागरिकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर को साफ स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी भी है और हमारा कर्तव्य भी है। इसलिए हमारे आसपास किसी भी प्रकार से गंदगी न होने दें और नपा द्वारा नगर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहयोग करना चाहिए।

# पुलिस ने साड़ी चुराने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार, हुई जब्ती

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

शहर के कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया । चोरों ने 41 साड़ी जिनकी कीमत 25,000 थी जब्त कर ली। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को संपत्ति संबंधी एवं गंभीर अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में दिनांक 16 अक्टूबर को फरियादी तुषार बडानी द्वारा उनकी दुकान से साड़ी चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिसपर थाना कोतवाली में अप. क्र. 858/25 धारा 331(3),305,306 बीएनएस में कायम कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर एवं तकनीकि साक्ष्यों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी



राजा यादव राधाकृष्ण मंदिर के पास आदमगढ़ और तरुण मालवीय निवासी दुर्गा आदि शक्ति मंदिर के पास नारायण नगर को पकड़ा। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया एवं आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई कुल 41 साड़ियां बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया । कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली कंचन सिंह ठाकुर, उनि जितेन्द्र चौहान, उनि अनुज बघेल, प्रआ. राजकुमार, कमलेश, अजय दिक्षित, एवं आर सतीश की सक्रिय भूमिका रही ।

## सिवनी मालवा में भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन में आह्वान

# वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी को बढ़ावा दें

सिवनी मालवा ■ निसं

सिवनी मालवा के स्थानीय रेस्ट हाउस में भाजपा ने शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और स्थानीय उत्पादों व स्वदेशी उद्यमों को बढ़ावा देने का संकल्प लेना रहा।

कार्यक्रम में बोलते हुए जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपने गांव, नगर और जिले के उत्पादों पर गर्व करने और उन्हें बढ़ावा देने का आग्रह किया। शुक्ला ने जोर देकर कहा कि वोकल फॉर लोकल तभी सफल होगा जब हर नागरिक स्वदेशी अपनाओ के भाव को अपने जीवन में उतारेगा।



**आत्मनिर्भरता हर भारतीय का संकल्प:** विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर भारतीय का संकल्प होना चाहिए ।उन्होंने आज़ादी के अमृत काल को स्थानीय कारीगरों, किसानों और व्यापारियों को सशक्त बनाकर भारत को विश्वगुरु बनाने का सुनहरा अवसर बताया।

**छोटे उद्योग भारत की रीढ़:** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष पारीक ने छोटे उद्योगों, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को भारत की रीढ़ बताते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति स्थानीय वस्तुओं को प्राथमिकता देगा, तो लाखों परिवारों को रोजगार मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने सिवनी मालवा नगर में मौजूद ऐसे कई उत्पादों का उल्लेख किया, जिन्हें सही मंच और प्रोत्साहन मिलने पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर पालिका इस दिशा में हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है।

## नगरपालिका में कचरा रखकर जमीन पर बैठे कांग्रेसी

# पार्षद ने वार्ड में सफाई नहीं होने से खुद ने कचरा लाकर जताया विरोध

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

वार्ड 29 में साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को पार्षद सुषमा खत्री ने नगरपालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर अपने प्रतिनिधि पुत्र और वार्डवासियों के साथ धरना प्रदर्शन किया। पार्षद ने वार्ड में नाली और कचरा साफ न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रोष जताया। धरना स्थल पर पार्षद वार्ड से उठाए गए कचरे के साथ बैठीं और जल्द कार्रवाई की मांग की। सुषमा



खत्री कांग्रेस से चुनाव जीतने के बाद भाजपा में शामिल हुई थीं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन बार-बार शिकायतों के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है, जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाकपंजीयन -MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।